खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :22°C

लखनऊ, रविवार 24 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 6 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



तीन बार ईंधन मूल्य में वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे पेज 2



एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार पेज 11



'पेड्डी' दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान बॉलीवुड


# ट्रम्प ने पीएम मोदी को दिया अमेरिका आने का न्योता

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले, अमेरिकी मीडिया बोली: यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रुबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, रुबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है।



■ दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो- पैसिफिक सहयोग आदि मुद्दों पर चर्चा की

### भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

### 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपाइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपाइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की।

## संक्षिप्त समाचार



ऐश्वर्या राय बच्चन फ्रांस के कान्स में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म द बर्थडे पार्टी के प्रीमियर के दौरान।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश किया जारी

**नई दिल्ली।** ईद- उल- अज़्हा (बकरीद) की छुट्टी में बदलाव के कारण सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश जारी किया है। सीजेआई के निर्देशानुसार, अब 28 मई को अदालत में छुट्टी रहेगी और 27 मई को नियमित कामकाज होगा। अधिवक्ता और वादकारी ध्यान दें कि 28 मई के सूचीबद्ध मामले अब एक दिन पहले यानी 27 मई को ही सुनवाई के लिए टेक-अप किए जाएंगे।

### नीट पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डा. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया।

### अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें आई

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है।

### राघव चड्ढा रास की याचिका समिति के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** 'आप' छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# लश्कर की करतूत था पहलगाम हमला

## NIA की चार्जशीट में खुलासा, पाकिस्तान के कसूर में रहता है मास्टरमाइंड साजिद जट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। यह खुलासा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में हुआ है। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। साजिद, पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है।

साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था। 15 दिसम्बर 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6 किमी दूर बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते, तो हमला को टाला जा सकता था। दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गाइड्स गिरफ्तार हो चुके हैं। हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खुदा के नाम पर मदद मांग कर खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए हर्ष फायरिंग भी की थी। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का है, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों को भी आरोपी बनाया है। साजिद, 2005 में बॉर्डर क्रॉस करके दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घुसा था। पैर में गोली लगने के कारण साजिद नकली पैर लगाता है। इसलिए उसे लंगड़ा कहा जाता है। उस पर भर्ती, फंडिंग, घुसपैठ और आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने के आरोप हैं। 2019 में साजिद जट्ट लंगड़ा ने ही लश्कर के प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को खड़ा किया था। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का हैंडलर और ऑपरेशनल कमांडर माना जाता है। एनआईए ने उसे कई हमलों की साजिश से जोड़ा है, जिनमें पहलगाम हमला, डांगरी हमला, पुंछ एयरफोर्स काफिले पर हमला और रियासी बस हमला शामिल हैं। आतंकी लंगड़ा और उसके तीनों गुर्गे 20 अक्टूबर 2024 को श्रीनगर की जेड मोड़ टनल फायरिंग में भी शामिल थे।

■ 2019 में द रेजिस्टेंस फ्रंट बनाया था साजिद जट्ट ही आतंकियों का मैन हैंडलर था



### भारत ने हमले के विरोध में पाक पर की थी एयरस्ट्राइक

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।एनआईए के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाक आतंकी फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमजा अफगानी को सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई, 2025 को ढेर कर दिया था। भारत के टॉप वांटेड में शामिल आतंकी लंगड़ा पर 10 लाख का इनाम है।

# तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल व CNG के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपये पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा दिल्ली- एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपये किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये और फिर 18 मई को 1 रुपये बढ़ाए थे। नई कीमतें 23 मई से लागू हो गई हैं। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे। ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी। सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

■ पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और सीएनजी एक रुपये किलो तक हुई महंगी



# लेह के पास सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन जवान सुरक्षित बच गए।

उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

■ तीन अधिकारियों को आई मामूली चोटें

# तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

**नई दिल्ली।** देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं।

राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा।



■ यूपी के बांदा में पारा 47 डिग्री रहा

# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा: वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने सुबह 8.25 बजे एक्स पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। अभिजीत ने लिखा कि सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते। इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच मूवमेंट' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं। सोशल मीडिया पर सीजेपी के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।




■ फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती, सोनम वांगचुक ने कहा: मैं भी कॉकरोच



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र के 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजना: योगी

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा। अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है। योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती है। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने को कहा। सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा। पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं।

### मायावती आज करेंगी चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती रविवार को लखनऊ में पार्टी की बड़ी और विशेष बैठक को संबोधित करेंगी। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बैठक रविवार सुबह 11 बजे बसपा राज्य कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। इसमें पार्टी संगठन की जमीनी और आर्थिक मजबूती तथा सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने को लेकर पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों और पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन समीक्षा होगी।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणी, अजय राय पर केस

**महोबा, वार्ता**



■ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, बिना सूचना निकाला था काफिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली में भाजपा कार्यकर्ता नीरज रावत की तहरीर पर कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राय शुक्रवार को प्रशासन को पूर्व सूचना दिए बिना महोबा पहुंचे और मुख्यालय स्थित सिंह वाहिनी नगर (समद नगर) में अपहरण एवं गैंगरेप की शिकार नीट छात्रा तथा उसके परिजनों से मुलाकात की। तहरीर के अनुसार अजय राय के काफिले के कारण नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित तौर पर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुईं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सचिव ब्रजराज सिंह अहिरवार तथा 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 126(2), 352, 196(1), 189(2) और 132 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अजय राय के कथित बयान को लेकर महोबा में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता और मोदी समर्थक सड़कों पर उतर आए थे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि, विवाद बढ़ने पर अजय राय ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को भाजपा द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से तैयार किया गया बताते हुए इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश करार दिया।

# उप्र में बिजली कटौती राजनीतिक मुद्दा बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सियासी घमासान शुरू
■ विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी भाजपा विधायकों ने भी चरमराती बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है। विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों में चरमराती बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह मामला सियासी तूल पकड़ चुका है। विपक्ष के साथ ही अपनी पार्टी के विधायकों का आरोप झेल रहे ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने कहा है कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सुझावों का स्वागत करते हैं और जनता की शिकायतों के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। दरअसल लखनऊ पूर्व से भाजपा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र इंदिरा नगर, मुंशीपुलिया, लक्ष्मणपुरी, रवीन्द्रपल्ली, निशातगंज, कल्याणपुर, महानगर, विकास नगर और गोमती नगर समेत कई इलाकों में अघोषित बिजली कटौती से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इससे पहले सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह और लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा भी अपने क्षेत्रों में बिजली संकट को लेकर मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। कुछ दिन पहले ही मंत्री बने ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने भी आंधी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली तंत्र के कारण आपूर्ति बाधित होने पर चिंता जताई थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उत्तर प्रदेश बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर सिद्धार्थनगर जिले में लम्बी बिजली कटौती की शिकायत की।

उन्होंने कहा कि इटवा विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर कटौती की जा रही है और तत्काल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। वहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भीषण गर्मी में कम आपूर्ति और कटौती से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और मेहनतकश लोगों का जीवन कष्टदाई हो गया है। उन्होंने सरकार से तत्काल सुधार और नए बिजलीघरों से आपूर्ति बढ़ाने की अपील की। इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बिजली की मांग और दाम तो बढ़ रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं बढ़ रही। उन्होंने सरकार की नई उत्पादन क्षमता को लेकर योजना पर सवाल उठाए।

## कई जिलों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया

# उप्र में लगा लू का कर्फ्यू, जल्द पड़ेंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अधिक इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा
■ बिजली की किल्लत से यूपी के लोग परेशान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा। इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत, आम का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नीबूं पानी और कोल्ड ड्रिंक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवाएं रात को भी सता रही है।

मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है। बिजली विभाग मांग और आपूर्ति में तालमेल बैठाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है मगर जर्जर ट्रांसफार्मरों और केबिलों के दगा देने से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही लगातार बनी हुई है। बिजली की किल्लत से परेशान कुछ स्थानों पर विद्युत उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक आम होती जा रही है। गर्मी और लू के चलते बीमारियों ने भी पांव पसारना शुरु कर दिया है, नतीजन अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। इनमें से अधिकांश मरीज डिहाइड्रेशन,बुखार के थे।

### वेस्ट यूपी में 23 व 24 को पड़ेंगी बौछारें

मौसम विभाग ने बताया कि 23 और 24 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी गति झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने के साथ लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने गर्म रात (वार्म नाइट) की भी चेतावनी जारी की है। 28 और 29 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, हालांकि कई इलाकों में लू का असर जारी रहने की संभावना है।

चिकित्सकों ने सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए तेल मसाला युक्त भोजन, बासी भोजन,फास्ट फूड आदि से परहेज करें। भूख से कुछ कम खाएं और खीरा, ककड़ी, पपीता, खरबूजा और तरबूज आदि फल भरपूर मात्रा में लें। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शनिवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।

# डंपर ने एक परिवार के पांच सदस्यों को रौंदा, चार मरे

**बाराबंकी, वार्ता**

■ मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती (34), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) तथा पुत्री आंशिक (10) के साथ भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में मासूम अंशिका व आशू ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75415.35
निफ्टी 23719.30
सोना 159490 प्रति 10 ग्राम
चांदी 285000 प्रति किलो

# केंद्र सरकार को 286588 करोड़ रुपये देगा रिजर्व बैंक

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025.26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए रिजर्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025.26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लचीलापन प्रदान करता है। केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024.25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है। केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024.25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था। बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य तथा उससे जुड़े जोखिमों की भी समीक्षा की गई।

### भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव धन शोधन के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव अजय सहगल को धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहगल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। यह मामला पंजाब सरकार से सनटेक सिटी परियोजना के लिए धोखाधड़ी से 'जमीन के इस्तेमाल में बदलाव' हासिल करने के लिए नकली सहमति पत्र जमा करने से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने जीएमएडीए और जमीन के इस्तेमाल में बदलाव से जुड़े घोटाले में एक गिरफ्तारी की है। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलो में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859.37 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 10 रुपये की गिरावट में 2,774 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गया। वनस्पति चार रुपये और पाम ऑयल तीन रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सोया तेल की 30 रुपये बढ़ गई। मूंगफली तेल 21 रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज : गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.25 रुपये और गुड़ 5040.47 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17896.53 रुपये, मूंगफली तेल 18984.22 रुपये, सूरजमुखी तेल 17532.65 रुपये, सोया तेल 14988.16 रुपये, पाम ऑयल 13573.90 रुपये और वनस्पति 15007.50 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया।

परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। इस तरह पूरी परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 15,196 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिदी जैसे विषय अनिवार्य थे। राजभर ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,526 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय अनिवार्य थे।

वहीं गृह विज्ञान, सामान्य हिदी, तर्कशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टंकण जैसे विषय वैकल्पिक के तौर पर थे। छात्रों के लिए किसी एक वैकल्पिक विषय का चयन अनिवार्य रखा गया था। मदरसा बोर्ड परीक्षा में अरबी और फारसी दोनों भाषाएं शामिल हैं, जिससे पारंपरिक इस्लामिक शिक्षा के साथ भाषाई अध्ययन को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य आयोजित की गई थीं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं कराई गईं। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें आलिम अरबी और फारसी की परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रदेशभर में कुल 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया था, जिसे अंतिम रूप से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रदान किया गया।

# तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में संकट का संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान कोई राहत नहीं दी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जिरए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपये प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं। तिवारी ने कहा कि वादा 30 का किया था, लेकिन जनता को 100 रुपये का पेट्रोल मिल रहा है।

### कांग्रेस आलाकमान से मिले सतीशन

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शनिवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सतीशन ने श्रीमती गांधी तथा खड़गे के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। श्रीमती गांधी से उन्होंने उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की जबकि खड़गे से मिलने वह उनके 10, राजा जी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। सतीशन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं और इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की है।

### सिंगरौली खनन मामले में संवेदनशीलता से विचार करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सिगरौली के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के खिलाफ कानूनी चुनौती का विकल्प अभी खुला है और सरकार को पर्यावरण तथा जनहित से जुड़े इस मामले में संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक पर लिखा कि पिछले वर्ष मई में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के सिगरौली जिले के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 7000 एकड़ का यह क्षेत्र वर्ष 2011 में जंगलों की समृद्धि और हाथी कॉरिडोर की मौजूदगी के कारण खनन के लिए 'नो-गो एरिया' के रूप में चिह्नित किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी से व्यापारी चिंतित बाजारों में सन्नाटा

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी, तेज धूप एवं लगातार चल रही लू के कारण बाजारों की स्थिति अत्यंत प्रभावित हो गई है। सुबह 9 बजे के बाद ही गर्मी का प्रकोप इतना बढ़ जाता है कि दोपहर से लेकर शाम तक बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है।

### आशाओं को अगले हफ्ते होगा भुगतान

**लखनऊ।** राजधानी के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 1000 आशाओं की प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मी सोनकर के नेतृत्व में आशाओं के एक ग्रुप ने लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात कर आशाओं की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रस्तुत किया। बाद में आशाओं ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी से मुलाक. ात कर भी ज्ञापन की प्रति सौंपी।

### कलापिता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री सुरेश सिंह यादव संरक्षक महेंद्र कुमार पांडे अखिल भारतीय राज सरक. ारी कर्मचारी महासंघ संघ द्वारा 17 सूत्री मांग को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया गया था। जिस पर कोई ठोस निर्णय न लिए जाने के कारण कलापिता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव संरक्षक महेंद्र कुमार पांडे भारत सिंह यादव मानसिंह नौशाद अहमद वशिष्ठ तिवारी शैलेंद्र शुक्ला रामपाल यादव नाथ अर्जुन सिंह राजवीर सिंह धर्मेंद्र धर्मेंद रामचंद्र गुप्ता उमेश बहादुर आदि मौजूद थे।

### अघोषित बिजली कटौती का विरोध

**लखनऊ ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने भीषण गर्मी के बीच राजधानी प्रदेश के कई प्रमुख जिलों में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की है। उन्होने प्रदेश सरकार और विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था को आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बताया है। रायबरेली, हरदोई, उन्नाव, अमेठी, बारा. बंकी, सीतापुर, सुल्तानपुर, कानपुर और लखीमपुर सहित अन्य जिलों में अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# राहुल के खिलाफ सड़कों पर उतरा सवर्ण मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** लखनऊ में सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोगों ने शनिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय को गर्ने के लिए बढ़ने लगे लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही उनको रोक लिया इस दौरान पुलिस और प्रदर्शन कार्यो में टेंशन हुई इस दौरान प्रदर्शन कार्यो ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



प्रदर्शन कार्यो का कहना था कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को अपशब्द कहे। उसके बाद हमने लखनऊ में हमने उनके खिलाफ होर्डिंग लगाया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उस होर्डिंग को फाड़ दिया और अब सोशल मीडिया पर हमें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोग राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस दफ्तर घेरने जा रहे थे। तभी पुलिस ने हजरतगंज के पास उन्हें रोक लिया। यहां पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बहस की। ऐसे लोगों पर ऐसी कार्रवाई हो कि लखनऊ में दिखाई न दें। प्रदर्शन कर रहे सवर्ण मोर्चा के उपाध्यक्ष बसंत सिंह बघेल ने कहा- अगर हमारे किसी साथी को हाथ लगा दिया तो हम उसको मुंहतोड़ जवाब देंगे। कांग्रेस के गुंडों ने हमारे संगठन के सदस्य को जान से मारने की धमकी दी है। उनके कार्यालय पर हम जाकर उन्हें जवाब देना चाहते थे। प्रदर्शन कर रहे मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक संदीप सिंह ने कहा-राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री को गद्दार कहा यह शर्मनाक है। यह अपमान प्रधानमंत्री का नहीं है बल्कि देश की जनता का है जिसने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना।

हम उनको बताना चाहते हैं कि अगर किसी भी क्षत्रिय को कुछ कहा तो हम उन्हें मिट्टी में गाड़ देंगे। अगर उनके ऊपर कारवाई नहीं हुई तो हम जहां कांग्रेसियों को पाएंगे, वहीं निपटेंगे। पुलिस कुछ करना नहीं चाहती। कितने लोगों ने अपनी जान की रक्षा की मांग की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हम लोग आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि हमने राहुल गांधी हुए बेनकाब का होर्डिंग लगवाया था, जिसके बाद कांग्रेसी बौखला गए। उस होर्डिंग में राहुल से सवाल किए थे जिसके बाद कांग्रेसी भड़क गए। अब उनकी तुगलकी सेना की ओर से लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# भूमि विवाद में छोटे भाइयों ने की बड़े भाई की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के गंगानगर इलाके के मऊआइमा थाना क्षेत्र के बादलपुर गांव में भवन निर्माण के लिए नींव खुदवा रहे छोटे भाईयों का विरोध करने पर बडे भाई की कुल्हाडी से काटकर हत्या कर दी गई।

हत्यारोपी छोटे भाई घटना को अंजाम देने के बाद से फरार हो गई हैं। जिनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। बादलपुर गांव निवासी नंदलाल विश्वकर्मा के तीन पुत्र संतोष विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा और अशोक विश्वकर्मा हैं। सबसे बड़ा भाई संतोष मुंबई में रहकर फर्नीचर का कार्य करता है। वह शनिवार सुबह मुंबई से घर आया था। उसके छोटे भाई विनोद और अशोक घर बनवाने के लिए नींव की खुदाई करा रहे था। बिना बंटवारे के नींव खुदाई का संतोष ने विरोध किया तो दोनों छोटे भाई आग बबूला हो गए। इसको लेकर कहासुनी और मारपीट होने लगी। इसी दौरान छोटे भाइयों ने कुल्हाड़ी और सब्बल से संतोष पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद उसके गले पर नुकीले सब्बल से कई वार कर दिया, जिससे संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। बीच बचाव करने पहुंची संतोष की पत्नी अर्चना को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।




### हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम राम काज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम

**प्रयागराज।** पुरुषोत्तम माह में किए गए जप तप दान धर्म का हजार गुना पुण्य प्राप्त होता है।

महानगर में पंच शनिवारीय सुंदरकांड पाठ के इस पावन पुनीत आयोजन में कार्यक्रम आयोजक स्वाती निरखी की अगुवाई में भारी संख्या में भक्त जनों ने भागीदारी की और प्रसाद ग्रहण किया। पंच शनिवारीय सुंदरकांड पाठ के आयोजन को लेकर जागरूक नागरिकों में भारी श्रद्धा और आस्था का भाव देखने को मिला।

# कोई गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे: योगी

## श्रमिक विद्या योजना प्रदेश के 75 जिलों में होगी लागू, निर्देश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास को और व्यापक तथा परिणाममुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री ने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं जिससे कि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के चलते शिक्षा से वंचित न रह पाए । 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि आर्थिक मजबूरी के कारण कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बाल श्रमिक विद्या योजना अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में लागू होगी। सरकार कौशल विकास, रोजगार मेले, सेवामित्र व्यवस्था और श्रमिक सुविधा केंद्रों को मजबूत कर युवाओं और श्रमिकों को बेहतर अवसर देने पर जोर दिया हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गो को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर



उपलब्ध हों।शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना भी तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ की गई इस योजना के तहत 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में योजना 20 जनपदों में संचालित है। मुख्यमंत्री ने इसे नए प्रावधानों के साथ प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में पोर्टल पर 1097 सेवा प्रदाता, 5049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग के प्रस्ताव को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने उद्योगों के अनुकूल वातावरण और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बनाना सरकार की नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रदेश में अब तक 32,583 कारखाने पंजीकृत हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को रोजगार और जनसु. विधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी नए अवसर तैयार करती हैं।

# बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पावर कारपोरेशन में लागू की गई तथाकथित वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग व्यवस्था एवं अनुभवी संविदा कर्मियों की छटनी ने राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है।

बिजली व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के नाम पर लागू की गई यह व्यवस्था आज उपभोक्ताओं, बिजली कर्मियों और स्वयं विभागीय कार्यप्रणाली के लिए गंभीर संकट का कारण बन चुकी है। नई व्यवस्था में शिकायत निस्तारण को पूरी तरह



1912 एवं आनलाइन पोर्टल पर निर्भर बना दिया गया है। शिकायतें दर्ज तो हो रही हैं, लेकिन उनका समाधान समय पर नहीं हो रहा। आम जनता घंटों बिजली कटौती, गलत बिलिंग और तकनीकी समस्याओं से परेशान है जबकि जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी फाइलों और पोर्टलों के पीछे छिपे हुए हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में नए विद्युत संयोजन समय से नहीं मिल रहे हैं, मीटर रीडिंग में भारी देरी हो रही है तथा हजारों उपभोक्ताओं के बिल समय से जनरेट नहीं हो पा रहे हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था में तकनीकी खामियों, पूरी विफलता, बैलेन्स मिसमैच तथा गलत बिलिंग जैसी समस्याओं ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग की विफल व्यवस्था को तत्काल वापस नहीं लिया गया तथा बिजली कर्मियों और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को समाप्त कर अभियंताओं को विश्वास में लेकर व्यावहारिक व्यवस्था लागू नहीं की गई, तो बिजली कर्मचारी व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जन जागरण अभियान के अंतर्गत आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र की मिर्जापुर और प्रयागराज में सभा हुई। सभा को केंद्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, मो. वसीम, जवाहर लाल विश्वकर्मा, प्रेम नाथ राय ने संबोधित किया।

# वर्मा ने 312 उम्मीदवारों को सरकारी सेवा की सौगात दी

**लखनऊ ।** लखनऊ में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री बी.एल. वर्मा ने कुल 312 उम्मीदवारों को सरकारी सेवा की सौगात दी।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कुल 312 उम्मीदवारों को सरकारी सेवा की सौगात दी जिनमें से 198 उम्मीदवार भारतीय रेलवे का हिस्सा बनेंगे। रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। इसमें देश के सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आदि विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## प्रयागराज सार संक्षेप

### नकल माफिया सोनू यादव की जमीन कुर्क

**प्रयागराज।** कौड़िहार थाना क्षेत्र के कटरा निवासी नकल माफिया सोनू सिंह यादव की पत्नी के नाम दर्ज करीब 60 लाख रुपये की भूमि को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर कुर्क कर दिया गया। सोनू यादव के खिलाफ, नवाबगंज, झूंसी और सोरांव में कुल आठ मामले दर्ज हैं। उप जिला मजिस्ट्रेट सोरांव भारती मीणा के नेतृत्व में एसीपी श्यामजीत प्रमिला सिंह और प्रभारी निरीक्षक सोरांव केशव वर्मा के साथ पुलिस और राजस्व की टीम ने सोरांव थाना क्षेत्र के राजापुर मल्हुआ में अपराध से अर्जित संपत्ति को कुर्क कर दिया। इसके पहले मुनादी कराये जाने के बाद भूमि पर प्रशासन का बोर्ड लगा दिया गया। विवेचना में यह तथ्य सामने आए हैं कि सोनू सिंह यादव और उसकी पत्नी शारदा देवी के द्वारा लोगों को डरा धमकाकर यह भूमि अर्जित की गई है।

### प्रयागराज एक्सप्रेस बनी हाई स्पीड ट्रेनें

**प्रयागराज।** पटरियों पर रफ्तार बढ़ाने के साथ ही रेलवे ने इसे मुमकि. कन बनाने वाले अपने रनिंग स्टॉफ को बड़ा प्रोत्साहन दिया है। रेलवे बोर्ड ने प्रयागराज एक्सप्रेस समेत देश की 155 प्रमुख ट्रेनों को आधिका. रिक तौर पर हाई स्पीड श्रेणी में शामिल कर लिया है। इस फैसले से इन ट्रेनों का संचालन करने वाले हजारों लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन मैनेजरों द्धगार्डऋ के भत्तों में प्रति माह पांच से 10 हजार रुपये तक की बड़ी वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है। जारी सूची में प्रयागराज एक्सप्रेस, शिवगंगा एक्सप्रेस, वंदे भारत, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, महाबोधि ,श्रम शक्ति आदि ट्रेनों को जगह दी गई है।

### फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**प्रयागराज।** नगर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा में रेलवे स्टेशन मास्टर की पत्नी रीता यादव का शव घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन घटना का कारण भी नहीं बता सके। आशंका है कि मानसिक रूप से परेशान होकर महिला ने आत्महत्या की है। सैयद सरावां स्टेशन पर तैनात प्रकाश चंद्र यादव मुंडेरा में पत्नी रीता और बेटे विनी के साथ रहते हैं

### समेत कई मार्गों पर नहीं चलेंगे ई-रिक्शे

**प्रयागराज।** जाम की गंभीर होती समस्या में जो कमी शेष रह गई है उसे ई-रिक्शा चालकों द्वारा खुलेआम पूरा किया जा रहा है। नाजुक होते हालात को देखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रामबाग फ्लाईओवर समेत कई मार्गों पर एक जून से ई-रिक्शा के संच. ालन पर रोक लगाने का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। नए ट्रैफिक प्लान के तहत रामबाग फ्लाईओवर, सिविल लाइंस हनुमान मंदिर से सुभाष चौराहा, लक्ष्मी टाकीज से पुलिस क्लब चौराहा और कचहरी से विश्वविद्यालय मार्ग तक ई-रिक्शे नहीं चलेंगे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**लखनऊ ।** पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजज द्वारा श्री रामलाल मेमोरियल में मेधा सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आईसीएसई, आईएससी, सीबीएसई एवं यू.पी. बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 542 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को संस्थापक चेयरमैन डा. एस. पी. सिंह सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। अन्य बड़े पदों पर आसीन 22 पूर्व छात्रों एवं उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया।

# हत्या में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) महोदय के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष थाना खीरी निराला तिवारी के नेतृत्व में रोकथाम अपराध व चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन गिरफ्तारी वांछित वारण्टी अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 349/26



धारा 103(1)/3(5) बीएनएस अपने ससुर की हत्या करने बाले बांछित अभियुक्त 1.- कमल पुत्र शिवकुमार निवासी जिन्सी अरनीखाना थाना व जिला खीरी को झलरिया जाने वाले मार्ग से क्रासिंग से पहले से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त कमल पुत्र शिवकुमार निवासी जिन्सी अरनीखाना थाना व जिला खीरी गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मेंथानाध्यक्ष निराला तिवारी थाना व जिला खीरी का0 रामलखन थाना व जिला खीरी का0 जोनी कुमार थाना व जिला खीरीशामिल रहे। लोगों ने पुलिस की सक्रियता की प्रशंसा की है।

# वैश्विक पर्यटन केंद्र बनेगा बटेश्वर धाम

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहा. सिक धरोहरों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर बड़े कदम उठा रही है।

इसी कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पैतृक भूमि और 101 प्राचीन शिव मंदिरों की श्रृंखला के लिए प्रसिद्ध आगरा के बटेश्वर धाम को आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। भारत सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत 71.50 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत



अब तक 56.11 करोड़ रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बटेश्वर धाम में विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और इस पूरी परियोजना को दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।। श्रद्धालुओं और देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस परिसर को बेहद आधुनिक रूप दिया जा रहा है। विज़िटर सपोर्ट एवं आवास क्षेत्र के तहत यहां विशाल पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय और महिला व पुरुष आगंतुकों के लिए करीब 20 कमरों की क्षमता वाले अलग-अलग सर्वसुविधायुक्त डारमेट्री का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए आधु. निक कैफेटेरिया, फूड कियोस्क, सोवेनियर शाप और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव जोन तैयार किया जा रहा है। आध्यात्मिकता और संस्कृति के इस अनूठे संगम में पर्यटकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक बेहद अद्भुत अनुभव मिलेगा। यहां विकसित की जा रही इंटरैक्टिव गैलरी और थीम आधारित आकर्षण श्रद्धालुओं को भारतीय आध्यात्मिक विरासत के करीब लाएंगे। इसमें चारों वेदों और शिव पुराण की पावन कथाओं को अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा।यहां मुख्य रूप से श्चार धाम गैलरीश और श्समुद्र मंथन गैलरीश बनाई जा रही हैं, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चोरी के जनरेटर के साथ दो चोर पकड़े


## डिडौली कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने जनरेटर चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का अल्टरनेटर, दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने शनिवार को बताया कि डिडौली कोतवाली पुलिस ने जनरेटर अल्टरनेटर चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए गुलफाम और अनस नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों मोहल्ला बेरियान के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, यह चोरी 30 अप्रैल की रात को हुई थी। हरियाना गांव निवासी अकरम के मकान के पास खड़े तीन जनरेटरों से अल्टरनेटर चुराए गए थे। इस संबंध में डिडौली थाने में मुक. दमा दर्ज किया गया था।गिरफ्तार आरोपियों के पास से 12 बोर के दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक हीरो होंडा पैशन प्रो बाइक और चोरी किया गया एक अल्टरनेटर बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में एक नया मुकदमा भी दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी गुलफाम पर पहले से चोरी और मारपीट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरो. पियों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# त्यौहारों से पहले सड़क पर उतरे डीएम-एसपी

## जामा मस्जिद समेत बाजार में निकाला पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिस व प्रशास. निक अधिकारियों के साथ थाना बछरायूं क्षेत्र में जामा मस्जिद और आसपास के बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पैदल मार्च के दौरान अधिकारियों ने बाजारों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। इस दौरान दुक. ानदारों और स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। डीएम डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत कार्रवाई की जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिस कर्मियों को लगातार गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेश दूबे, क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया समेत पुलिस और प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती पर भड़की भाकियू



बिजलीघर पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा एवं भाकियू भानू गुट के पदाधिकारियों व किसानों ने शनिवार को बुढ़नपुर- सिवौरा विद्युत उपकेंद्र पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

अध्यक्षता करते वीरपाल सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में क्षेत्र की जनता और किसान बिजली संकट से जूझ रहे हैं। अघोषित कटौती के चलते किसानों की फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही हैद्य जबकि घरेलू जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन के साथ-साथ रात में भी कई-कई घंटे बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदेश महासचिव ठाकुर पोपाल सिंह ने कहा कि बिजली आने पर भी लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे ना नलकूप चल पा रहे हैं और ना ही घरों के पंखे। किसान समय से बिजली बिल जमा करते हैं। लेकिन सुविधा के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि 24 घंटे के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और अघोषित कटौती बंद नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा और भाकियू भानू गुट संयुक्त रूप से विद्युत उपकेंद्र का अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे। धरना-प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के एक्सईएन अखिल वर्मा ने किसानों को आश्वा. सन दिया कि तकनीकी कमियों को जल्द दूर कर रोस्टर के अनुसार सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।अधिकारियों द्वारा मांगें मानने और जल्द समाधान का विश्वास दिए जाने के बाद किसानों ने फिलहाल धरना स्थगित कर दिया। इस मौके पर पंकज पवार, होशियार सिंह प्रधान, गौरव पवांर, विक्रम प्रजापति, अरविंद पवांर, रामपाल सिंह पंवार, नदीम वारसी, बाबू खान, नेमपाल सिंह, सनी ठाकुर, सतपाल सिंह चौहान, डा. प्रेमपाल सिंह, पूर्व पुलिस उपनिरीक्षक विजय सिंह, सतवीर सिंह, प्रदीप ठाकुर, रवि कुमार, भूरा कुमार, विपिन कुमार, रईस आलम आदि मौजूद रहे।

# गौशाला व सीएचसी का निरीक्षण करेंगे डिप्टी सीएम

## दो दिवसीय दौरे आज को अमरोहा पहुंचेंगे





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 25 मई को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आगमन को लेकर सरकारी विभागों में हलचल मची हुई है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और गौशाला में रंगाई पुताई का काम चल रहा है।

बता दें कि 24 मई को डिप्टी सीएम शाम के समय अमरोहा स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे तो वहीं हाईवे स्थित एक औद्योगिक इकाई के अतिथिगृह में रात्रि विश्राम के बाद 25 मई की सुबह नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कान्हा गौशाला और जल व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सरकारी विभागों में हलचल मची हुई है। शनिवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रंगाई-पुताई का काम चलता रहा। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ.नितिन गौड़ ने भी सीएचसी का जायजा लेकर व्यवस्थाओं का मूल्याकंन किया था और सीएचसी प्रभारी डॉ.पल्लवी गंगवार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। वहीं शनिवार को गौशाला में भी दिन भर सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराए जाने का सिलसिला चलता रहा। ईओ ललित कुमार आर्य ने गौशाला में पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं को देखा और जो भी कमियां थीं उन्हें दूर कराया।

# कला कार्यशाला के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

## ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग पर स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में ललित कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का समापन शनिवार को भव्यता के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाई गयीं पेंटिंग्स को सभी के समक्ष देखने के लिए रखा गया। कार्यशाला में सम्मिलित रहे 70 विद्यार्थियों को अकादमी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जूनियर विंग में विवेक, अल्फिया, नवनीत, आयुष, प्रियांशी एवं मैदा, सीनियर विंग में रवि, कनक, सोफिया, जैनब एवं चारू को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सोरन सिंह ने कहा कि ,कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। कला मनुष्य को संवे. दनशील, रचनात्मक एवं आत्मविश्वासी बनाती है। आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ कला एवं रचनात्मक गतिविधियों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ.दुर्जन सिंह राणा ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक डॉ.सोहन सिंह एवं अंजली शर्मा, विद्यालय के सचिव डॉ. पराग पंडित, संयोजिका नेहा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रिजल्ट में बैक की भरमार से भड़के छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** राजकीय महाविद्यालय रहरा में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी नारा. जगी देखने को मिली। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रिजल्ट में बैक लगाए जाने का आरोप लगाते हुए महाविद्यालय पहुंचकर विरोध जताया। छात्रों का कहना है कि हाल ही में जारी परिणामों में करीब 90 प्रतिशत विद्यार्थियों को बैक दिखाया गया है, जिससे उनमें चिंता और निराशा का माहौल है। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उनका कहना था कि कई ऐसे छात्र भी फेल या बैक घोषित कर दिए गए हैं, जिन्होंने परीक्षा अच्छे अंकों की उम्मीद के साथ दी थी। परिणाम सामने आने के बाद छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों में भी रोष व्याप्त है।

## सत्यम बने अभाहिंप के मंडल मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला गाड़ी वार्ड नंबर-4 निवासी विकास अग्रवाल के पुत्र सत्यम अग्रवाल को अखिल भारतीय हिंदू परिषद द्वारा मुरादाबाद मंडल मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की ओर से नई जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सत्यम अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने जो भरोसा जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने, युवाओं को राष्ट्रहित और संस्कृति से जोड़ने तथा सामाजिक कार्यों को मजबूती देने के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

## बाइक चोरी की घटना कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना के बाद पुलिस कार्रवाई में देरी को लेकर पीड़ित ने नाराजगी जताई है। गांव अल्लीपुर खादर मिलक निवासी चंद्रसेन पुत्र तीरथ सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 20 मई को दोपहर करीब एक बजे अपनी बाइक से खेत पर किसी काम से गया था। खेत के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर वह खेत में काम करने चला गया। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। पीड़ित के अनुसार उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उसने थाना हसनपुर पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। चंद्रसेन का आरोप है कि घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है।

## रुमाल सिंह बने महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शनिवार को भाजपा जन कल्याण मंच के कैंप कार्यालय पर आयोजित एक संगठनात्मक बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्मठ कार्यकर्ता रुमाल सिंह सैनी को मंच का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। रुमाल सिंह सैनी संगठन में काम करने का एक लंबा और समृद्ध अनुभव रखते हैं। वह वर्तमान में उझारी मंडल के सेक्टर महल मोहल्ला के सेक्टर प्रभारी हैं।

# विकास कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: महबूब

## लोक लेखा समिति के सभापति ने ली जिला स्तरीय विकास कार्य समीक्षा बैठक





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा विकास कार्यों में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए

सदर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय विकास कार्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में लापरवाही न बरतने और समय से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान महबूब अली ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों पर भी विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर सड़कों को खोदकर खराब हालत में छोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को दिक्कत हो रही है। इस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जनपद की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द ठीक कराया जाए। बैठक में विधायक समरपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्य सहित विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने यातायात कर्मियों को बांटे छाते





**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रोटरी क्लब भरतियाग्राम ने भीषण गर्मी और धूप में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए जूझने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को छाते और ग्लूकोन डी के पैकेट वितरित किए। क्लब के प्रेसीडेंट देवेंद्र बंसल ने कहा कि इनकी मेहनत वास्तव में काबिल-ए-तारीफ है। शनिवार को गजरौला में चौपला पुलिस चौकी पर रोटरी क्लब भरतियाग्राम की ओर से आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में रोटरी क्लब के प्रेसीडेंट देवेंद्र बंसल ने क्लब के पदाधिकारियों के संग यातायात पुलिसकर्मियों को छाते और ग्लूकोन डी के पैकेट वितरित किए। कहा कि भीषण गर्मी और धूप में चौराहों पर खड़े होकर ट्रैफिक कंट्रोल करना काफी मेहनत का कार्य है। वहीं यातायात निरीक्षक राजेंद्र सिंह और सह-प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने क्लब की प्रशंसा की। इस मौके पर सुनील दीक्षित, विशाल गौरव, डा. सैय्यद बिलाल अहमद, अनुपम सिंह, शकीलुर्रहमान, अनुपम सिंघल, टीएसआई अनिल कुमार मधुरिया, अमित राणा, मंजीत कुमार, मौ0 हैदर जैदी, अजीत सिंह, शौकीन, प्रदीप आदि भी मौजूद रहे।

### एक नजर

## विद्या भारती मानक परिषद प्रशिक्षण वर्ग शुरू

'kkg VkbEl l oknnkrk

eFkjkA कृष्ण चन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधव कुंञ्ज मथुरा में विद्या भारती मानक परिषद प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह, विद्या भारती मानक परिषद के ब्रज प्रान्त संयोजक होडिल सिंह , प्रबन्ध समिति सदस्य एवं प्रांतीय प्रतिनिधि डॉ. सुनील कुमार राय विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष डॉ. गुलशन कुमार, प्रबंधक कामता प्रसाद गुप्ता, वर्ग संयोजक महेश चन्द्र दुबे , प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने कराया। कार्यक्रम की प्रस्तावना होडिल सिंह के द्वारा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न बिंदुओं के आधार पर विद्यालयों में मानक व्यवस्था एवं प्रधानाचार्यों के उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाना आवश्यक है। विद्यालयों में छात्र सुरक्षा एवं गुणवत्ता के सभी मानकों को पूर्ण किया जाना चाहिए। प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों के समग्र विकास हेतु आवश्यक आधारभूत मानकों को पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य राजीव पाठक द्वारा वर्ग व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण वर्ग में 12 जिलों के प्रधानाचार्यों ने सहभागिता की। वर्ग में रविशंकर गौड़, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, मनोज कुमार, अमित पचौरी, महेश चन्द्र दुबे, संजीव कुमार मिश्र, पुष्पेन्द्र चतुर्वेदी, प्रताप सिंह चौहान, गिर्राज सिंह चौहान, वेदरत्न शर्मा ,कुशलपाल शर्मा, योगेश कुमार पाठक, गवेन्द्र पाल सिंह, प्रमोद कुमार पाण्डेय, घनश्याम बाबू, सुभाष चन्द्र, सत्येंद्र सिंह चौहान, संजय मिश्रा आदि ने सहभागिता की। वर्ग की व्यवस्था में विद्यालय के मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा, राजीव पाठक, विनय कुमार, उमेश शर्मा ,लोकेश अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, निधीश अग्रवाल, मुनेश अग्रवाल, सतीश शर्मा, विजय कुमार, जगवीर सिंह, अमृत सिंह, केशव सिंह, सुरेश कुमार, सीताराम, हितेश कुमार, बलराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चटक धूप व लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

## पारा पहुंचा 42 डिग्री, एसी, कूलर, पंखे भी साबित हो रहे नाकाफी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सूरज की आग उगल रही किरणों से शनिवार को धरती धधकती रही। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ो ने दोपहर में लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। घर के अंदर भी भीषण गर्मी लोगो को बैचेन कर रही है। कूलर और पंखों में भी लोगों का पसीना नहीं सुख रहा।गर्मी के तेवर इस सीजन में इतने तल्ख है कि लोगों का बुरा हाल है। शनिवार को तापमान 42 डिग्री रिकार्ड किया गया।

दिन निकलते ही सूरज आग बबूला हो रहा है। सुबह से ही आसमान से आग बरस रही है। दोपहर में चल रही हवाओं से हर कोई बेहाल नजर आ रहा है। ऐसे में गर्मी का प्रचंड रूप लोगो को डरा रहा है। आलम यह है कि धूप में कुछ देर खड़ा होना तो दूर लोगो घरों से बाहर निकलते हुए भी घबरा रहे है। तपिश इस कदर है कि लोगों को धूप में खड़े होने पर चक्कर आने लगे। घर से निकलने वाले लोग मिनटों में पसीना पसीना हो रहे है। कूलर और पंखों भी लोगों को राहत देने में नाकाफी साबित हो रहे है। दोपहर के समय दुकानें सुनी पड़ी है जबकि दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में है। बहुत जरूरी काम वाले लोग ही दुकानों पर पहुंच रहे है। मजबूरी में बाहर निकलने वाले लोग छांव की तलाश करते है या पेय पदार्थ पीकर खुद को राहत पहुंचा रहे है। भीषण गर्मी के चलते विद्युत ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगे हैं। विभाग द्वारा लगातार कटौती की जा रही है। जिससे गर्मी में लोगों का बुरा हाल है।

# चिंतौली अंडरपास के ऊपर हाईवे पर दर्दनाक हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में चिंतौली अंडरपास के ऊपर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर चीखपुकार मच गई। बाइक पर सवार दो छोटे बच्चे भी हादसे के दौरान सहम गए। सूचना मिलने पर डायल 112 और हाफिजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार परिवार किसी कार्य से लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक चिंतौली अंडरपास के ऊपर पहुंची, पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया गया है कि हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उसकी पत्नी भी घायल हुई है। दोनों बच्चों को भी हल्की चोटें आई हैं और वे हादसे के बाद काफी डरे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हाफिजपुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# डीएम की संवेदनशील पहल

**■ किडनी पीड़ित बच्चे को दिलाया तत्काल उपचार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन (जनसुनवाई) के दौरान मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनने के साथ-साथ उन्होंने गंभीर रूप से बीमार लोगों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान एक महिला अपने मासूम बेटे को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। महिला ने बताया कि उसके बच्चे की दोनों किडनी खराब हैं और उसका उपचार चौकी चौराहे के पास स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कलेक्ट्रेट आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। नो व्हीकल डे होने के बावजूद उन्होंने बाहर से टैम्पो मंगवाकर महिला और उसके बच्चे को जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चे का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने महिला को आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसी दौरान जिलाधिकारी कार्यालय में उनसे मिलने आए एक अन्य व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा। स्थिति को गंभीर देखते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं पानी डालकर उसे होश में लाने का प्रयास किया और तत्काल जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था कराई। इतना ही नहीं, जिलाधिकारी स्वयं भी उस व्यक्ति के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति गर्मी और अत्यधिक थकान के कारण अचेत हुआ था तथा अब उसकी हालत सामान्य है। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि दोनों मरीजों का समुचित उपचार किया जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को वितरित किए चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शनिवार को जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने मृतक एवं दिव्यांग कृषकों के आश्रितों को सहायता राशि के चेक सौंपे। इस दौरान मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना 14 सितंबर 2019 से लागू है, जिसका उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत सहायता राशि सीधे ऑनलाइन माध्यम से लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जाती है।

उन्होंने बताया कि योजना उत्तर प्रदेश के 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के कृषकों, सहखातेदारों, कृषि पर आश्रित कमाऊ सदस्यों तथा बटाई या पट्टे पर खेती करने वाले भूमिहीन किसानों के लिए लागू है। दुर्घटना में मृत्यु अथवा पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। वहीं आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में निर्धारित श्रेणी के अनुसार 1.25 लाख से 2.50 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है।



मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के बाद मृतक या दिव्यांग कृषक के वारिसों को संबंधित तहसील में 90 दिन के भीतर आवेदन करना होता है। विशेष परिस्थितियों में जिलाधिकारी की अनुमति से 180 दिन तक आवेदन स्वीकार किए जा सकते हैं।

डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और सरल बनाया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि योजना शुरू होने से अब तक जनपद बरेली में 1496 मृतक कृषकों के आश्रितों को 72.478 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 137 मृतक एवं दिव्यांग कृषकों के आश्रितों को 6.73 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित की गई।

## एक नजर

### रवि कुमार बने मीरगंज के नए कोतवाल अपराध नियंत्रण होगी प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा शनिवार को किए गए प्रशासनिक फेरबदल में निरीक्षक रवि कुमार को मीरगंज थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व कोतवाल संजय तोमर को सर्विलांस सेल बरेली भेजा गया है। इससे पहले रवि कुमार शिकायत प्रकोष्ठ/आईजीआरएस में प्रभारी के पद पर तैनात थे। शनिवार को रवि कुमार ने मीरगंज थाने पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। नए कोतवाल की तैनाती के बाद क्षेत्र में पुलिसिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। थाना आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि अपराधियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता के सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता रहेगी।

### तमंचा और कारतूस सहित युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम दुनका से बकैनिया वीरपुर जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर गश्त कर रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।पूछताछ में युवक ने अपना नाम नन्हूँ उर्फ लालता प्रसाद निवासी दुनका बताया। उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### प्रेमी संग फरार हुई युवती, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां का आरोप है कि शुक्रवार शाम उनकी बेटी को गांव गौहाना निवासी नरेंद्र बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस काम में सोनू और हर प्रसाद ने भी नरेंद्र का सहयोग किया। मामले में युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है।

### नगरिया कल्याणपुर में कथा के पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नगरिया कल्याणपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कथा व्यास जगदीश चंद पाठक ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि ज्ञान और वैराग्य, भक्ति के दो महान सहायक हैं। ज्ञान मनुष्य को सत्य का बोध कराता है, जबकि वैराग्य संसार की मोह-माया से दूर रहने की प्रेरणा देता है। भक्ति के बिना ज्ञान अधूरा और वैराग्य के बिना भक्ति स्थिर नहीं रह सकती।कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत में वर्णित है कि भक्ति माता वृद्ध हो गई थीं और उनके पुत्र ज्ञान व वैराग्य भी दुर्बल हो गए थे। जब संतों ने भगवान के नाम और भागवत कथा का श्रवण कराया तो उनमें फिर जागृति आई। उन्होंने कहा कि सच्चा ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि यह समझना है कि शरीर नश्वर है और भगवान का नाम व अच्छे कर्म ही मनुष्य के साथ जाते हैं। कार्यक्रम में जितेंद्र गौड़, नीरज गौड़, तुलाराम, आकाश सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### धनेटा-शीशगढ़ रोड पर रफ्तार का कहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दो अलग-अलग हादसों में छह घायल**

**मीरगंज।** धनेटा-शीशगढ़ रोड पर शुक्रवार शाम और शनिवार दोपहर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए बरेली भेजा।

पहला हादसा शुक्रवार शाम परतापुर के पास ब्लाइंड मोड़ पर हुआ। बताया जाता है कि आनंदपुर स्थित स्विमिंग पूल से लौट रहे बाइक सवार युवक तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित हो गए। बाइक पुलिया से टकराकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे बाइक सवार नेमचंद, छोटेलाल और पुरुषोत्तम निवासी धनेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से तीनों को बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया। घटनास्थल पर बाइक के पास बियर की बोतलें मिलने से चर्चाएं भी तेज रहीं।वहीं शनिवार दोपहर मिर्जापुर पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में नफीस अहमद, उनकी पत्नी तथा दूसरी बाइक सवार भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### जल्द होगी रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी की बैठक, चुनाव को लेकर होगी चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की रामलीला सोसाइटी की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर सदस्यों में अन्दर ही अन्दर मांग उठनी शुरू हो गई है। कई सदस्यों ने पिछले 8 सालों से सोसाइटी का चुनाव न कराए जाने को लेकर नाराजगी भी जताई है। लगभग 150 सदस्यों वाली रामलीला सोसाइटी का हर तीन साल बाद चुनाव होता आया था, लेकिन निवर्तमान अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला के कार्यकाल के बाद से सोसाइटी का चुनाव नहीं हुआ। अभी तक सोसाइटी के उपाध्यक्ष रहे रवीन्द्र पाल सिंह गंगवार को कार्यवाहक अध्यक्ष का जिम्मा सौंप दिया था, जिसके चलते उन्होंने कई सालों तक मेला का आयोजन कराया था। हाल ही में उनका निधन हो गया था, उनके निधन होने के बाद से ही चुनाव को लेकर मांग उठनी शुरू हो गई है। कार्यकारिणी के महामंत्री सन्तोष गुप्ता द्वारा चुनाव को लेकर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें चुनाव को लेकर निर्णय किया जाएगा।

### प्रेम प्रसंग में युवती को भगाने का आरोप, युवक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फोन पर होती थी बातचीत, पुलिस ने शुरू की तलाश**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम दईयाबोझ निवासी दिनेश कुमार पुत्र सालिग राम ने थाना बहेड़ी में एक युवक के खिलाफ उसकी बहन को बहला-फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि देवरनियां थाना क्षेत्र के ग्राम रहपुरा गनीमत निवासी रघुवीर उर्फ अजय (24) पुत्र मोतीराम उसकी करीब 20 वर्षीय बहन मंजू को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मंजू और रघुवीर उर्फ अजय के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच मोबाइल फोन के जरिए लगातार संपर्क होने की बात भी सामने आई है। थाना बहेड़ी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

# फर्जी आधार कार्ड बनाकर लोन कराने के मामले में जनसेवा केंद्र संचालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बाराबंकी पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से फर्जी आधार कार्ड बनाकर ऑनलाइन लोन कराने के मामले में जनसेवा केंद्र संचालक सोमेश युद्धवंशी को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को बाराबंकी पुलिस टीम के प्रभारी सुब्बा सिंह चौहान फतेहगंज पश्चिमी पहुंचे और कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस की मदद से सोमेश को अपने साथ ले गए।

पुलिस जांच में सामने आया कि एक व्यक्ति के नाम से एआई तकनीक के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड तैयार किया गया। इसके बाद आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट कराया गया और उसी दिन बैंक खाता खुलवाकर ऑनलाइन लोन स्वीकृत करा लिया गया। इतना ही नहीं, जिस दिन मोबाइल नंबर अपडेट हुआ उसी दिन लोन की रकम भी खाते से निकाल ली गई। बताया जा रहा है कि करीब 35 हजार रुपये और 16 हजार रुपये के दो लोन लिए गए थे। हिरासत में लिए गए सोमेश युद्धवंशी के परिजनों का कहना है कि यह पूरा काम उसके दोस्त निवासी बजधरन थाना देवरनियां ने किया था। जब पुलिस सोमेश को लेकर उसके घर पहुंची तो वह फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम जनसेवा केंद्र से लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी अपने साथ ले गई। पुलिस इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर साइबर फ्रॉड और फर्जी दस्तावेज तैयार करने से जुड़े साक्ष्य जुटा रही है। मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# एसडीएम के हाथों से सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

**■ इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी ने बढ़ाया मेधावियों का हौसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में आज इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी ने मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित कर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति- पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कस्बे के मोहल्ला गढ़ी स्थित मैरिज हॉल में अयोजित मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शीशगढ़ कस्बे के विभिन्न स्कूलों से इस वर्ष यू पी बोर्ड की परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले मेधावी छात्र ,छात्राओं को आज मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मीरगंज निधि शुक्ला ने अपने हाथों से फूल माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एसडीएम के हाथों से सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मीरगंज निधि शुक्ला ने मेधावियों को बधाई देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए कठोर परिश्रम करके मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जिस तरह मेधावियों ने अपना व अपने स्कूल कालेज का नाम रोशन किया है, उसी तरह भविष्य में भी एक अच्छा अफसर बन कर देश की सेवा कर अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जाहिद हुसैन(हाजी गुड्डू) ने किया एवं अध्यक्षता चेयरमैन नीलोफर ने की। संचालन मिक्की सर ने किया।



अंत में सोसायटी के अध्यक्ष जाहिद हुसैन ने समारोह में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

> मेधावियों के सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य होनहारों को प्रोत्साहन करना एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। सीमित संसाधनों के बाबजूद भी कोई हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उनको निखारने की आवश्यकता है। उनका हौंसला बढ़ाने की आवश्यकता है हम सभी सफलतम छात्र,छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते है।
>
> **हाजी जाहिद हुसैन गुड्डू**
> **अध्यक्ष**
> **इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड शीशगढ़ बरेली**

इस अवसर पर हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, जिला ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष हाजी आफताब अहमद, मकसूद अहमद रहमानी के अलावा नगर पंचायत बोर्ड के सभासद मौजूद रहे।

# पुत्र को छीन विवाहिता को मारपीटकर पुत्रियों के साथ घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की आदर्श कॉलोनी की रहने वाली एक विवाहिता को ससुरालियों ने 50 हजार की मांग को लेकर उसके पुत्र को छीन दोनों पुत्रियों सहित मारपीटकर घर से निकाल दिया। घटना की रिपोर्ट विवाहिता द्वारा अपने पति समेत सास ससुर के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

बस्ती के भूपराम की पुत्री पिंकी की शादी 10 साल पहले क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के विजय पाल के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाहिता का पति नशे का शौकीन है और आए दिन कम दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करता रहता है। विवाहिता के मुताबिक इसी दौरान उसने तीन संतानों को जन्म दिया जिसमें दो पुत्रियां योग्यता, यामिनी और एक पुत्र अभय है। आरोप है कि पति का किसी दूसरी महिला से संबंध हो गया है, जिसके चलते पति के साथ ही ससुराल के लोगों द्वारा उससे 50 हजार रुपये और बाइक की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर उसे ससुरालियों ने मारपीट कर पुत्र अभय को छीनकर दोनों पुत्रियों सहित घर से निकाल दिया। घटना की रिपोर्ट पिंकी द्वारा अपने पति विजय पाल, सास वेदवती, ससुर रामबहादुर, देवर सुनील और कमल के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

## मौसम विभाग ने जारी किया लू का अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली में ज्येष्ठ की तपिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। आलम यह है कि दोपहर होते ही शहर के मुख्य बाजारों जैसे बड़ा बाजार, कुतुबखाना और सिविल लाइंस में सन्नाटा पसर जाता है। इस झुलसाती गर्मी में ठंडे पेय पदार्थों और गन्ने के रस की ठेलों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जबकि बिजली की भारी मांग के कारण कई इलाकों में अघोषित कटौती ने स्थानीय नागरिकों की परेशानी और बढ़ा दी है। जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा सा पसर गया।

# बिजली विभाग के ठेकेदार की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**■ दर्जनों नए ट्रांसफार्मरों से तीन माह में भी सप्लाई चालू न होने से आपूर्ति बाधित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे की बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने एवं ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से विभाग ने कस्बे में दर्जन भर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर तो लगवा दिए, लेकिन तीन माह बाद बिजली ठेकेदार ने आज तक नए ट्रांसफार्मरों की लाइन न जोड़े जाने के कारण भीषण गर्मी के मौसम में समस्या और भी गंभीर होती जा रही है बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता बेहद परेशान है।

बताते चलें कि कस्बे में पिछले वर्ष ओवरलोडिंग के कारण उपभोक्ता बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। लगातार कई ट्रांसफार्मर भी फूंक गए थे। तत्कालीन अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा के प्रयासों से अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश द्वारा कस्बे के लिए एक दर्जन अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए थे। नगर पंचायत से सहयोग लेकर गर्मी शुरू होने से पहले ही ट्रांसफॉर्मरों को अपने अपने स्थानों पर लगा दिया गया। तीन माह का समय बीत जाने के बाद आज तक ट्रांसफार्मरों की केविल तक नहीं जोड़ी जा सकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की गंभीर लापरवाही के कारण नए ट्रांसफार्मर सफेद हाथी बने खड़े हैं। बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है।

> कस्बे में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने एवं ओवर लोडिंग की समस्या के समाधान करने के उद्देश्य से हमने प्रयास करके कस्बे के लिए दर्जन भर अतिरिक्त नए ट्रांसफार्मर स्वीकृति कराए थे। ट्रांसफार्मर लगवा दिए गए, लेकिन बिजली ठेकेदार की लापरवाही से तीन माह बाद भी केविल नहीं जोड़े जाने से कस्बे के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। हमने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर नए ट्रांसफार्मरों को चालू किए जाने एवं कस्बे की जर्जर केविल को बदलने की मांग की है।
>
> **नीलोफर, चेयरमैन, नगर पंचायत शीशगढ़**

> नए ट्रांसफार्मरों को चालू न कराए जाने पर लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार जहूर अहमद को नोटिस भेजा गया है। जल्द कार्य न करने पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **चमन प्रकाश, अधिशासी अभियंता**
> **विद्युत वितरण खंड बहेड़ी**

# बिजली संकट पर वन मंत्री सख्त, 15 दिन में समाधान के दिए निर्देश

**■ फोन जरूर उठाएं, जनता को जवाब दें, अधिकारियों को व्यवहार सुधारने की नसीहत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शनिवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में शहर के पार्षदों और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बिजली समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर पोल, खराब ट्रांसफार्मर और अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने की शिकायतों पर मंत्री ने नाराजगी जताई।

वन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए निर्बाध और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मरों और जर्जर विद्युत लाइनों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए तथा बिजली कटौती का स्पष्ट शेड्यूल जारी कर उसका पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि टोल-फ्री नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण 48 घंटे के भीतर होना चाहिए।



बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं। अधिकांश पार्षदों ने शिकायत की कि विद्युत विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते, जिससे आम जनता परेशान रहती है। इसके अलावा नालों के ऊपर रखे ट्रांसफार्मर, गल चुके पोल, 11 हजार की पुरानी लाइनें, लकड़ी की बल्लियों पर खींचे गए तार और बिजली संकट के कारण पानी की समस्या जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। मंत्री अरुण कुमार ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली जनता की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। अधिकारी सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि फील्ड में उतरकर काम करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों के पास संबंधित क्षेत्र के पार्षदों के नंबर होने चाहिए। यदि किसी कारण फोन रिसीव न हो सके तो वापस कॉल करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बंच केबल की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे। वन मंत्री ने कहा कि बार-बार तार टूटना और आग लगना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने बंच केबल की गुणवत्ता जांचने, जर्जर पोल बदलने और बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई पोलों पर इंटरनेट केबलों का अतिरिक्त भार होने से लाइनमैन को कार्य करने में दिक्कत आती है। साथ ही लाइन फाल्ट लोकेटर मशीन खराब होने और स्टाफ की कमी की समस्या भी सामने रखी गई।

मुख्य अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण विभाग मनीष गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ समय से बिजली संबंधी समस्याएं बढ़ी हैं, और स्टाफ की कमी भी रही है। अब अतिरिक्त गैंग लगाई गई हैं ताकि शिकायतों का तेजी से समाधान हो सके। उन्होंने माना कि अधिकारियों द्वारा फोन न उठाना गलत है और इसमें सुधार किया जाएगा।

बैठक में विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, शहर के पार्षदगण, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण विभाग मनीष गुप्ता, मुख्य अभियंता विद्युत विभाग ज्ञान प्रकाश सहित विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बहेड़ी में 15 साल की नाबालिग से छेड़छाड़, विरोध पर घर में घुसकर फाड़े कपड़े

**■ एसएसपी के आदेश पर पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज, आरोपी फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे में एक 15 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शिकायत करने से नाराज आरोपी युवक दीवार फांदकर पीड़िता के घर में घुस गया। वहां उसने नाबालिग के कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा किया गया है।

पीड़िता की बुआ ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक, पड़ोस में रहने वाले 24 वर्षीय विशाल उर्फ गुड्डू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने पहले रास्ते में नाबालिग को रोककर छेड़छाड़ की। जब परिजनों ने इसकी शिकायत की तो आरोपी बौखला गया। आरोप है कि इसके बाद विशाल दीवार फांदकर पीड़िता के घर में घुस आया। घर में उसने नाबालिग के साथ दोबारा छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए। शिकायत करने पर आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के घर आस-पास ही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। जिस पर बहेड़ी पुलिस ने आरपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चौकी इंचार्ज ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रिछा।** पुलिस चौकी कुंडरा कोठी पर चौकी इंचार्ज नितेश चौधरी लगातार दुर्घटनाओं से बचाओ और क्षेत्र में शून्य अपराधों की रोकथाम को बनाए रखने के लिए क्षेत्र में दो पहिया व अन्य वाहनों की चेकिंग कर हिदायत दे रहे हैं। शनिवार को उन्होंने रिछा-जहानाबाद मार्ग पर कुंडरा कोठी चौराहा पर कई बहानों को चेक किया, जिसमें से दस वाहनों के दस्तावेज पूरे न होने व हेलमेट न लगाने वालों का चालान किया और चालान के साथ-साथ यातायात के नियम को बताया और अगली बार से हेलमेट और दस्तावेज पूरे रखने की हिदायद दी। वहीं पत्रकारों से संवाद में चौकी इंचार्ज ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हुड़दंग और खुराफात करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रहे इसके लिए चौराहों पर व रोड पर ई-रिक्शा न खड़ा करने की चालकों को हिदायत दी है, जिससे वाहन चालक को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# समाधि के पास खड़े जामुन और खेत का शीशम काट ले गए दबंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** खंजनपुर खंजनिया गांव में दबंगई का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने लकड़ी ठेकेदार के साथ मिलकर एक ग्रामीण की पुश्तैनी जमीन पर खड़े पेड़ों को रातो रात कटवा दिया। इनमें एक जामुन का पेड़ उस स्थान के पास खड़ा था, जहां ग्रामीण के दादा की समाधि बनी हुई है, और पिता की अस्थियां भी रखी हैं। गांव के सौरभ शर्मा के मुताबिक गुरुवार की रात गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने ईंधजागीर की बस्ती यासीन नगर के लकड़ी ठेकेदार को बुलाकर समाधि स्थल के पास खड़े जामुन के पेड़ और खेत में लगे शीशम के पेड़ को कटवा डाला। आरोप है कि पेड़ काटने के बाद उनकी लकड़ी भी मौके से उठा ले गई। शुक्रवार सुबह खेत पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित का कहना है कि जब उसने आरोपियों से फोन पर बात की तो उन्होंने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद आरोपी ठेकेदार व संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और पेड़ों की चोरी का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# रतनपुर में ढांग गिरने से दो बालक दबे, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में शनिवार सुबह 09 बजे मिट्टी खोदते समय एक ढांग गिर गई। इस घटना में बालक प्रिंस पुत्र दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अनुराधा पुत्री रम्मन को हल्की चोटें आईं। दोनों रतनपुर गांव के निवासी हैं। प्रिंस को गंभीर हालत में तुरंत चन्दौसी के अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। शनिवार सुबह प्रिंस अपने मोहल्ले के बच्चों अनुराधा, शिखा और गीता के साथ गांव के दक्षिण में स्थित तालाब पर मिट्टी लेने गया था। प्रिंस ने जैसे ही ढांग में मिट्टी खोदना शुरू किया, वह अचानक भरभराकर गिर गई और प्रिंस मलबे में दब गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। महीपाल सिंह, रामप्रकाश यादव, अशोक, छत्रपाल और वीरेश सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर मिट्टी हटाई और प्रिंस को मलबे से बाहर निकाला।





## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 5 परिवारों का हुआ समझौता

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन बहजोई में थानाध्यक्ष डॉ. रूकमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान कुल 98 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें 22 मामलों का निस्तारण किया गया। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने पर 5 परिवारों को पुन: मिलाया गया। वहीं 2 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई, जबकि 15 पत्रावलियां आवेदक अथवा आवेदिका के उपस्थित न होने एवं रुचि न दिखाने के कारण बंद कर दी गईं। बैठक में काउंसलर एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# दोपहर 12 बजे तक नहीं पहुंचे चिकित्सक, इंतजार करते रहे मरीज

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में शनिवार को दोपहर 12 बजे तक चिकित्सक नहीं पहुंचे और दवा लेने गये मरीजों को दोपहर 12 बजे तक इंतजार करना पड़ा। दोपहर के समय 12 बजे पीएचसी कुढफतेहगढ में चिकित्सक कक्ष में चिकित्सक की कुर्सी खाली पड़ी रही, केवल बार्डबाय ही पीएचसी में मौजूद मिला तथा तीन मरीज चिकित्सक के इंतजार में बैठे रहे। सतेन्द्र निवासी भगतपुर मिर्जा ने बताया कि मैं बुखार से पीडिघ्त हूं। सुबह नौ बजे से दबा लेने के लिए डाक्टर साहब के इंतजार में बैठा हूं, मुझे अपनी जांच रिपोर्ट भी दिखानी है। शहबाजपुर से पहुंचीं रीना व विमलेश ने बताया कि दबा लेने के लिए सरक.ारी अस्पताल आये है, डाक्टर साहब अभी आये नहीं है उनके इंतजार में ही बैठे हैं।



डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि पीएचसी में चिकित्सक दोपहर नहीं पहुंचे इसके लिए उन से अवकाश आदि लेने के सम्बन्ध जानकारी की जायेगी।

## एक नजर

### ईद पर क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर सौंपी जिम्मेदारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** ईदुल अजहा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए उप जिला अधिकारी ने क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। बताया गया कि 28 मई को ईदउल अजहा मनाए जाने की संभावना के मद्दे नजर तहसीलदार राजकुमार सिंह नायव तहसीलदार योगेश चंद्र शर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत जबर सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण शील रहकर ईद उल अजहा शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। कहा गया कि ईद के पर्व पर कानून व्यवस्था की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और एक-एक कैमरा संबंधित अधिकारी अपने साथ भी रखेंगे तहसीलदार अपने स्तर से समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल और नायब तहसीलदार को लिखित रूप से निर्देशित करेंगे कि वह अपने-अपने क्षेत्र में बने रहेंगे और बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

### महाभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग का कांठ में आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन आज कांठ में किया गया जिसमें विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने मार्गदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति एवं जनस.वा के मूल मंत्रों से अवगत कराया। प्रथम सत्र एवं उद्घाटन सत्र में भाजपा का इतिहास एवं वैचारिक विकास विषय पर विजयपाल तोमर (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा) ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के संघर्ष, संगठन विस्तार एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्य पद्धति विषय पर अशोक कटारिया (एमएलसी एवं पूर्व मंत्री) ने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन, समयबद्धता तथा सामूहिक निर्णय प्रक्रिया की महत्ता बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता का व्यवहार ही संगठन की पहचान बनता है।

कार्यकर्ता विकास एवं संवाद विषय पर गोपाल अंजान (एमएलसी) ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को निरंतर अध्ययनशील, संवादशील एवं समाज के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। देश के समक्ष चुनौतियां विषय पर पुष्कर मिश्रा (प्रदेश संयोजक, नीति एवं शोध) ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से जागरूक भूमिका निभाने का आह्वान किया। हालांकि इस कार्यक्रम में मीडिया के लिए कोई स्थान सुरक्षित ना करना भी आज चर्चा का विषय बना रहा।

### गर्मी से ट्रांसफार्मर के बॉक्स में लगी आग जनहानि नहीं

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भयंकर गर्मी के चलते दाढ़ी महमूदपुर गांव के पास लगे ट्रांसफार्मर के कनेक्शन बॉक्स में आग लग गई जिसको समय से देख लिए जाने से नुकसान होने से बच गया लोगों ने भीषण गर्मी के दौरान होने वाले हादसों से बचाव के उपाय कराए जाने की मांग उठाई है। बताया गया कि दोपहर के वक्त भीषण गर्मी के दौरान दाढी महमूदपुर गांव के पास लगे ट्रांसफार्मर के कनेक्शन बॉक्स में अचानक धुआं उठते ही आग की लपटे निकालनी शुरू हो गई इसके आसपास कूड़े के ढेर थे जिनमें आग लगने से और भी लोगों को खतरा बढ़ गया हवा तेज होने से किसी अनहोनी की आशंका जगने लगी लेकिन लोगों ने बिजली बंद कराकर आग पर काबू पा लिया इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हो पाया और जनहानि भी होने से बच गई गांव के लोगों ने गर्मी के चलते इस तरह के हादसों से बचाव के उपाय अपनाए जाने की मांग की है।



### ईद-उल-अजहा को लेकर सलेमपुर में बैठक का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** ईदुल अजहा को लेकर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने ईद के मद्दे नजर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि कुर्बानी निर्धारित स्थान पर होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की गंदगी ना होने पाए इस दौरान उन्होंने साफ सफाई रखने और प्यार मोहब्बत के साथ ईद मनाए जाने का आह्वान किया। बैठक में चौकी इंचार्ज कमलजीत सिंह सहित गांव के काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना' की प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'उन्नत भारत अभियान' के अंतर्गत विश्व विद्यालय द्वारा पूर्व में गोद लिए गए गांवों की बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित करने की दृष्टि से गतवर्षों की भांति ''नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना'' की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' मुहिम के तहत आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के अवसर पर विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल ने प्रतिभागी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बालिकाओं के उत्थान के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं। परीक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए श्रीमती कोठीवाल ने प्रतिभागी बालिकाओं से उनकी कुशलक्षेम पूछी और उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय की इस योजना के माध्यम से ग्रामीण मेधावी बालिकाएं नि:शुल्क उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना व अपने परिवार का भविष्य उज्ज्वल कर सकेंगी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षित महिला अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को शिक्षित, सभ्य एवं सशक्त बना सकती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अन्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी गोद लिए गए गांवों का चहुंमुखी विकास करने हेतु सदैव तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि यह 'नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना' आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस परीक्षा का आयोजन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत ग्रामीण मेधावी बालिकाओं को नि:शुल्क उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा विगत कई वर्षों से 'नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना' की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिवर्ष आर्थिक रूप से कमजोर 5 ग्रामीण बालिकाओं को विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण करने का अवसर दिया जाता है। डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि आज की इस परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों गिंदौड़ा, धनुपुरा, पल्लूपुरा घोसी, नगला बनबीर और इटायला माफी की कुल 30 छात्राएं सम्मिलित हुईं। परीक्षा के सफल संचालन में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल समेत स्कूल के शिक्षकों डॉ. सुलेखा एवं डॉ. अंजली बिस्ट का विशेष सहयोग रहा।



## नरौली के लक्ष्मी नारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया साईं बाबा का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नरौली स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में शनिवार को साईं बाबा का स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाजियाबाद निवासी अजय गर्ग एवं उनकी पत्नी प्रतिमा गर्ग द्वारा वर्ष 2013 में मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति स्थापित कराई गई थी। तभी से दोनों हर वर्ष यहां भंडारे का आयोजन कराते आ रहे हैं।

सुबह मंदिर को फूलों से सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बनाया। इसके बाद साईं बाबा को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप सखी सहेली का समर कैंप शुरू

## बालिकाओं को सिखाए जा रहे क्रियात्मक हुनर

**चन्दौसी।** बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली द्वारा इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया गया है। शिव मंदिर कैथल गेट, वेणु गोपाल मंदिर के सामने आयोजित यह कैंप 30 सितंबर तक चलेगा। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर के प्रयास से लगाए गए इस कैंप में विशेष रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं को ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई, क्राफ्ट और ढोलक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राखी ने फेशियल टिप्स, सलोनी ने मेहंदी डिजाइन, निधि वार्ष्णेय ने ढोलक की थाप, स्तुति गोयल ने सिलाई व तुरपन तथा अनुराधा गोयल ने पेंटिंग सिखाई। कैंप में बड़ी संख्या में बालिकाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। इस दौरान कई सदस्याएं मौजूद रहीं।



# मजदूरों के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर आयोजित हुई मजदूर पाठशाला, हीट वेव से बचाव पर दिया गया विशेष जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट नागरिक एकता परिषद की ओर से शनिवार को सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी परिसर में मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा वर्तमान मौसम परिस्थितियों में स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। पाठशाला में बड़ी संख्या में श्रमिकों, ठेकेदारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने कहा कि लगातार बढ़ रही हीट वेव को देखते हुए मजदूरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा बेहद आवश्यक है। उन्होंने ठेकेदारों से कार्यस्थलों पर शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करने तथा मजदूरों से सुबह और शाम के समय कार्य कराने की अपील की, ताकि तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने नए श्रम कानूनों, श्रमिक अधिकारों और श्रमिक सम्मान निधि के रूप में सरकार से छ5000 सहायता की मांग के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रेम कुमार ने कहा कि विभिन्न अधिकारियों और मंचों पर यह मांग लगातार उठाई जा रही है कि जहां मजदूर काम की तलाश में खड़े होते हैं, वहां उनके लिए छायादार लेबर शेड, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि सहायक श्रम आयुक्त अजीत कन्नौजिया द्वारा मंडी समिति के सामने तथा करूला क्षेत्र में दो लेबर अड्डों के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई है। साथ ही बिलारी क्षेत्र में भी मजदूरों के लिए उपयुक्त लेबर अड्डा स्थापित कराने हेतु नगरपालिका प्रशासन से वार्ता किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में कपिलराज ने "घरौनी योजना" की जानकारी देते हुए कहा कि योजना के माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को उनके पुराने मकानों का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान तेजभान मौर्य, ओकेश मौर्य, तेजवंत सिंह मौर्य, अकरम मलिक, घनश्याम मौर्या, जसवंत सिंह, अंकित मौर्या, आकाश मौर्या, अजय मौर्या और मोहम्मद यूसुफ सहित कई लोग मौजूद रहे।



# खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की सचल प्रयोगशाला ने बिलारी में चेक किए किराने और मिठाई के नमूने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचल प्रयोगशाला नगर में शाहबाद रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर पहुंची जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कृपा शंकर सिंह के निर्देशन एवं नेतृत्व में बिलारी के बाजार में बिक्री किए जा रहे।

खाद्य सामग्री के नमूने मंगाकर जांच की गई। जिसमें कुल 26 खाद्य पदार्थ के नमूने जांचे गए जिनमें किराने और मिठाई के थे दो खाद्य पदार्थ में मिलावट पाई गई। और 24 खाद्य पदार्थ मानक के अनुरूप पाए गए इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी को जागरुक करते हुए कहा कि केवल उन्हीं दुकानों से खाद्य पदार्थों को खरीदें जिनके पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस अथवा पंजीकरण हो, खुले में रखे गए खाद्य पदार्थों को जिन पर धूल पड़ रही हो मक्खियां आदि बैठी हों को कभी नहीं खरीदें और ना ही खाएं खाद्य पदार्थों को रखकर खाने, लपेटने पैक करने आदि में अखबारी कागज का प्रयोग कभी ना करें क्योंकि अखबारों में प्रयुक्त स्याही काफी जहरीली होती है पैक्ड खाद्य पदार्थों को खरीदते समय पैकेट पर पैकिंग तिथि एक्सपायरी, बेस्ट बिफोर तिथि, बैच नंबर निर्माता का पूरा पता एफएसएसएआई प्रमाण का चिन्ह, वेज नॉनवेज का चिन्ह आदि अवश्य देखें सरसों का तेल रिफाइंड तेल वनस्पति देसी घी पिसे मसाले खुली अवस्था में कभी नहीं खरीदें रंगीन खाद्य पदार्थों के प्रयोग से परहेज करें जंक एवं फास्ट फूड का कम से कम प्रयोग करें हमेशा मौसमी फलों और सब्जियों का ही अधिक से अधिक प्रयोग करें साफ पानी से धोकर ही प्रयोग करें।

कटे फटे फलों का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करें, दूध और दूध से बने उत्पादों को ठंडे तापमान पर ही संग्रहित करें बचे हुए खाद्य पदार्थों में उनके पैकिंग मैटेरियल आदि को ढक्कनदार कूड़े दान में ही डालें खाद पदार्थों को खरीदने प्रयोग करने में स्वयं का विवेक प्रयोग करने से आप अनेक बीमारी और परेशानियों, आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, शकील अहमद, चंदन डुडेजा, कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, कौशल जैन, अरिहंत जैन, शशांक जैन, इकरार, विनोद जैन, प्यारेलाल, रोमिल गुप्ता आदि रहे।




# नगर निगम मुरादाबाद का जागरूकता अभियान स्वच्छता व जल संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम मुरादाबाद की अनुबंधित आई.ई.सी. टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया तथा विभिन्न जनहितकारी विषयों पर जानकारी दी गई।

वार्ड 07 नया गांव में ''सस्टेनेबल सैनिटाइजेशन अभियान'' चलाकर नागरिकों को बताया गया कि घरों के सेप्टिक टैंकों की सफाई प्रत्येक तीन वर्ष में अथवा भर जाने की स्थिति में कराना आवश्यक है। साथ ही शिकायत एवं जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14420 एवं 1533 की जानकारी भी दी गई। वार्ड 10 काजीपुरा में ''सोर्स सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान'' के तहत लोगों को गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, सैनिटरी जैविक अपशिष्ट एवं घरेलू हानिकारक कूड़े को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नागरिकों से अपील की गई कि वे कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र कर नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन गाड़ी को ही दें तथा सार्वजनिक स्थानों और नालियों में कूड़ा न फैलाएं। इसी क्रम में वार्ड 55 लाल बाग में ''रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल'' विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें संसाधनों के पुन: उपयोग एवं अपशिष्ट कम करने के उपाय बताए गए।

वार्ड 40 नवाबपुरा में ''मलेरिया जागरूकता अभियान'' के माध्यम से लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमा.रियों से बचाव, साफ-सफाई बनाए रखने तथा जलभराव न होने देने के प्रति जागरूक किया गया। वहीं वार्ड 67 तंबाकू बलान, तहसील स्कूल नाले के पास भी ''सोर्स सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान'' आयोजित किया गया। यहां भी नागरिकों को गीला, सूखा, सैनिटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कूड़े के पृथक्करण की जानकारी दी गई। वार्ड 05 में ''हेल्थ एंड इनिशिएटिव सफाई अभियान'' के अंतर्गत सफाई नायक हीरा लाल की टीम के साथ क्षेत्र में सफाई कार्य किया गया तथा स्थानीय लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इसी वार्ड के आशियाना क्षेत्र में ''स्वच्छ जल संरक्षण अभियान'' के तहत "रोको-टोको" अभियान चलाकर पानी की बर्बादी रोकने एवं भविष्य के संभावित जल संकट के प्रति जागरूक किया गया।



वार्ड 08 झांझनपुर में भी ''सोर्स सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान'' चलाया गया। टीम ने नागरिकों को कूड़े के चार प्रकारों की जानकारी देते हुए अपील की कि वे कूड़ा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखें और नगर निगम की कूड़ा संग्रहण गाड़ी को ही सौंपें।

इसके अतिरिक्त वार्ड 17 चंद्र नगर स्थित नेहरू जूनियर हाईस्कूल में आई.ई.सी. टीम द्वारा ''सिटिजन फीडबैक'' प्राप्त किया गया। विद्यालय स्टाफ से स्वच्छता एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं ली गईं। नगर निगम मुरादाबाद द्वारा संचा.लित इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जिम्मेदार नागरिक सहभागिता के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाया जा सके।

# भूमि अभिलेखों में हेरा फेरी का आरोप

■ कार्रवाई को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ईसापुर नवादा में भूमि अभिलेखों में कथित गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सहसवान को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 301 में वर्ष 2024-25 में हुए बैनामों के बाद खारिज दाखिल प्रक्रिया में सहखातेदारों के नाम दर्ज थे, लेकिन बाद में राजस्व अभिलेखों में संशोधन कर नया गाटा संख्या 303/1 बना दिया गया शिकायतकर्ताओ का आरोप है कि इस प्रक्रिया में तहसील कर्मियों एवं राजस्व निरीक्षक रियाजुद्दीन की भूमिका संदिग्ध रही शिकायतकर्ताओं के अनुसार गाटा संख्या 301 के सभी खातेदारों के नाम हटाकर उन्हें नए गाटा संख्या 303/1 में दर्ज कर दिया गया ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि 25 मार्च 2025 को किए गए बैनामे में शामिल नामों को निरस्त कर दिया गया, जबकि ऐसा करना उपजिलाधिकारी के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता पीड़ितों नें क्ड से मांग की है कि पुराने बैनामे बहाल कर सभी सहखातेदारों के नाम पुनः दर्ज किए जाएं तथा कथित फर्जीवाड़े में शामिल कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ धारा 420 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन पर रूबी पुत्री शकील, मोहित माहेश्वरी, प्रभात कुमार शर्मा एवं दिनेश कुमार के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टइम्स संवाददाता**

**उधैती।** थाना क्षेत्र के गांव सराय सावल में घरेलू विवाद ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। भाइयों के बीच हुई कहासुनी के बाद 22 वर्षीय युवक ने आवेश में आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

गांव सराय सांवल निवासी उपेंद्र पुत्र अनेक पाल का शुक्रवार को किसी घरेलू बात को लेकर अपने भाइयों से विवाद हो गया था। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई। परिजनों के मुताबिक विवाद के बाद उपेंद्र काफी आहत और तनाव में था। इसी बीच उसने घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया।

कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। युवक की हालत गंभीर होते देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई और परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है, जिससे मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके।

थाना प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला, जहरीला पदार्थ खाने का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## समर कैंप में बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** संजय गांधी पार्क, पूरनपुर में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के सौजन्य से एक दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श जे आर प्रिपरेटरी स्कूलश के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शिरकत की।

इस अवसर पर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर सभी बच्चों को उपहार भेंट कर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। कैंप में बच्चों ने पार्क के झूलों का आनंद लिया और विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल खेलकर जमकर मस्ती की। बच्चों का उत्साह और खुशी देखते ही बनती थी। इस विशेष अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल, लेखाकार दिनेश भारती, प्रियांशु गुप्ता, सहित विद्यालय स्टॉफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## देवहा नदी स्थित स्वीकृत खनन क्षेत्र डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक माधव सुकीर्ति मिश्रा द्वारा जनपद पीलीभीत के ग्राम पकड़िया नौगवां स्थित देवहा नदी क्षेत्र में संचालित साधारण बालू (द्वितीय) के 65 वर्षीय स्वीकृत पट्टे का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पट्टा क्षेत्र का गहन अवलो. कन करते हुए विभिन्न बिंदुओं का परीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पाया गया कि पट्टा क्षेत्र में स्थापित समस्त सीमा स्तम्भ अपने निर्धारित स्थान पर स्थापित हैं। साथ ही साधारण बालू (द्वितीय) के परिवहन हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-एमएम-11 के माध्यम से ही परिवहन कार्य किया जा रहा था। निरीक्षण के समय स्वीकृत पट्टा क्षेत्र के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर खनन अथवा परिवहन की कोई गतिविधि नहीं पाई गई। मौके पर खान निरीक्षक, पीलीभीत एवं पट्टाधारक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा खान निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि खनन कार्य केवल स्वीकृत पट्टा क्षेत्र से ही कराया जाए तथा समय-समय पर संबंधित पट्टा क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की गतिविधियां न होने पाएं तथा इस संबंध में सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## एनएच पर दिन दहाड़े हो रहा अवैध खनन और मिट्टी पटान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति और सख्त हिदायत के बावजूद पूरनपुर क्षेत्र में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

ताजा मामला पूरनपुर से बंडा जाने वाले नेशनल हाइवे के निकट छोटे शेरपुर गांव के पास का है, जहां बिना परमिशन खेत में डंपरों से मिट्टी का पटान किया जा रहा है। पूरनपुर-बंडा नेशनल हाइवे पर छोटे शेरपुर गांव के पास खेतों में जेसीबी से अवैध खनन कर मिट्टी निकाली जा रही है। उसी मिट्टी को डंपरों से लाकर आसपास के प्लॉटों में पटान का काम दिनदहाड़े किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब बिना किसी खनन परमिशन के हो रहा है। हाइवे किनारे खुले में डंपरों से मिट्टी पटान हो रहा है, लेकिन खनन विभाग, राजस्व विभाग या पुलिस ने कोई रोक नहीं लगाई। नियमानुसार निजी भूमि से भी मिट्टी खनन के लिए खनन विभाग से अल्पकालिक परमिट लेना जरूरी है। 2 मीटर से अधिक गहरी खुदाई प्रति. बंधित है। आरोप है कि यहां बिना परमिशन काम चल रहा है। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करने से उनकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में यह खेल चल रहा है। उत्तर प्रदेश उप खनिज नियमावली के तहत बिना अनुमति मिट्टी, बालू, का खनन या परिवहन दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर खनन अधिनियम की धारा 4/21 के तहत केस, वाहन सीज और भारी जुर्माने का प्रावधान है। रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है स दिनभर डंपरों के चलने से धूल उड़ती है और सड़क हादसे का डर बना रहता है। लोग पूछ रहे हैं कि जब मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि अवैध खनन बर्दाश्त नहीं होगा, तो पूरनपुर में रोक क्यों नहीं लग रही। फिलहाल इस मामले में खनन विभाग या तहसील प्रशासन का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो खनन माफियाओं के हौसले और बुलंद होंगे।

# रंगदारी वसूलने और जान से मारने की धामकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में रंगदारी वसूली और जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पीड़ित से पहले ही ₹50,000 वसूल चुका था और लगातार और रुपयों की मांग कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी लैब संचालक साकेत गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी अनिल राठौर (उम्र 28 वर्ष), पुत्र मुन्ना लाल राठौर, ने उनसे डरा-धमकाकर पहले ₹50,000 की रंगदारी वसूली थी। इसके बाद भी आरोपी का मन नहीं भरा और वह पीड़ित पर लगातार दबाव बनाते हुए करीब ₹2 लाख की अतिरिक्त रंगदारी की मांग करने लगा। आरोप है कि अनिल राठौर ने साकेत गुप्ता को रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी भी दी थी, जिससे पीड़ित का परिवार भयभीत था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी संजीव शुक्ला के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। शुक्रवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने रामलीला ग्राउंड के पास से घेराबंदी कर आरोपी अनिल राठौर को धर दबोचा। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक विपिन कुमार, कॉन्स्टेबल रवि कुमार, कॉन्स्टेबल मुनीश शामिल थे।

> पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और शुक्रवार को ही उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।
>
> क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। **संजीव शुक्ला कोतवाली प्रभारी**

# तीन वर्ष पूर्ण होने पर पालिका अध्यक्ष डा. आस्था ने बताई पालिका की उपलब्धियां

■ पीलीभीत का विकास ही मेरा एकमात्र लक्ष्य, मिलकर संवारेंगे अपना पीलीभीतः डा. आस्था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** तीन वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका पीलीभीत अध्यक्ष डा. आस्था अग्रवाल ने शहर के एक निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों एवं पालिका की उपलब्धियां को साझा करते हुए कहा कि आज मैं आप सभी के समक्ष नगर पालिका परिषद पीलीभीत के पिछले तीन वर्षों के कार्यों, उपलब्धियों एवं विकास योजनाओं की जानकारी साझा करने के लिए उपस्थित हुई हूं।

आप सभी को ज्ञात है कि दिनांक 13 मई 2023 को जनता ने मुझे भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत के अध्यक्ष के रुप में जिम्मेदारी सौंपी थी। तदकम में शपथ ग्रहण समारोह में मैंने एवं 27 सभासदों ने शहर के समग्र विकास का संकल्प लिया था। आज जनता के आशीर्वाद और सहयोग से हमारे कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। सर्वप्रथम मैं अपनी एवं नगर पालिका परिषद पीलीभीत के समस्त बोर्ड की ओर से भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी का हृदय की गहराइयों से आभार एवं अभिनन्दन व्यक्त करती हूं जिनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नगर पालि. का परिषद पीलीभीत निरन्तर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रही है तथा विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जनकल्याणकारी नीति को आधार बनाकर नगर पालिका परिषद द्वारा जनहित से जुड़ी योजनाओं एवं विकास कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि नगर के प्रत्येक नागरिक को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों तथा पीलीभीत को स्वच्छ, सुन्दर, सुरक्षित एवं विकसित नगर के रूप में स्थापित किया जा सके।

इन तीन वर्षों में नगर पालिका परिषद पीलीभीत ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। शहर में 154 से अधिक सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कराकर आवागमन को सुगम बनाया गया। जलभराव की समस्या के समाधान के लिए लगभग 20 बड़े नालों का निर्माण कराया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था को मजबूती मिली।

बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए शहर में 173 हाईमास्ट लगाए गए तथा 45, 50, 60 एवं 90 वॉट की लगभग 6900 एलईडी लाइटें / बल्व स्थापित कराई गईं। नौगवां ओवरब्रिज पर 66 पोल लगाकर उसे पूर्ण रूप से रोशन किया गया। नगर पालिका परिषद पीलीभीत ने जाति/धर्म/वर्ग में भेद-भाव न करते हुए प्राथमिकता के आधार पर सभी क्षेत्रों में समान रूप से कार्य कराया।

# एड. अर्पित अग्रवाल की पैरवी से 37 साल पुराने भूमि विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

■ एसडीएम से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** हाई कोर्ट ऑफ जुडीकेचर इलाहाबाद ने पीलीभीत के चर्चित भूमि विवाद मामले में सख्त रुख अपनाते हुए एसडीएम पूरनपुर से व्यक्तिगत हलफनामा तलब किया है। न्यायालय ने विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं।

मामला ग्राम बरहा, तहसील पूरनपुर, जनपद पीलीभीत स्थित असम रोड के किनारे स्थित गाटा संख्या 392, रकबा 0.26 एकड़ भूमि से जुड़ा है। याचिकाकर्ता रानी देवी ने हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में आरोप लगाया है कि वर्ष 1989 में पारित डिक्री को लगभग 13 वर्ष बाद पुनर्विचार आवेदन के माध्यम से निरस्त कर दिया गया, जबकि आवेदन समयबद्ध नहीं था और उसके साथ विलंब क्षमा प्रार्थना पत्र भी संलग्न नहीं था। याचिका में कहा गया कि एसडीएम पूरनपुर राजेश कुमार शुक्ला ने डिक्री निरस्त करने के साथ-साथ मूल वाद को रिकॉर्ड रूम में भेज दिया, जबकि कानूनन वाद की पुनः सुनवाई आवश्यक थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए अर्पित अग्रवाल ने न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि डिक्री निरस्त करने के बाद वाद को रिकॉर्ड में भेजना विधि विरुद्ध है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने टिप्पणी की कि आदेश प्रथम दृष्टया विचारणीय है। न्यायालय ने पूछा कि जब आदेश 9 नियम 13 सीपीसी के तहत डिक्री निरस्त की गई, तो उसके बाद वाद को आगे सुनवाई के लिए क्यों नहीं चलाया गया। हाईकोर्ट ने संबंधित एसडीएम से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर अपने आदेश का औचित्य स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही जिला मजिस्ट्रेट, पीलीभीत को आदेश के अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। न्यायालय ने अगली सुनवाई तक सभी पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई 2026 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है।

# बीसलपुर क्षेत्र में डेंगू ने दी दस्तक, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

■ चौसर हरदो पट्टी गांव में मिला साल का पहला मरीज

■ बरेली में चल रहा इलाज, गांव में लगा जांच शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** क्षेत्र में इस वर्ष डेंगू का पहला मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। क्षेत्र के ग्राम चौसर हरदो पट्टी निवासी एक 29 वर्षीय युवक में डेंगू के लक्षण मिलने के बाद उसमें संक्रमण की पुष्टि हुई है। पीड़ित युवक का इलाज फिलहाल बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहाँ उसकी हालत सामान्य और नियंत्रण में बताई जा रही है।

डेंगू का मामला प्रकाश में आते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत हरकत में आ गई। विभाग द्वारा प्रभावित गांव में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड व सामान्य बुखार के संदिग्ध मरीजों के सैंपल लिए गए।

शिविर के दौरान बीसलपुर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आलमगीर, डॉ. कमलेश गंगवार, स्थानीय फार्मासिस्ट, ग्राम प्रधान और जिला मलेरिया विभाग की पूरी टीम मुस्तैद रही।

संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग की टीम ने पूरे गांव में एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव कराया। इसके साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक अभियान भी चलाया गया।

> **स्वास्थ्य विभाग की अपील**
>
> ग्रामीण अपने घरों के आसपास और भीतर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। कहीं भी जलभराव न होने दें, क्योंकि ठहरे हुए पानी में ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं। यदि किसी को भी बुखार या शरीर में दर्द की शिकायत हो, तो वे झाड़-फूंक या झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में पड़ने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवाएं।

## बसपा ने गठित की माधोटांडा में सेक्टर-बूथ कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को तहसील कलीनगर के ग्राम माधोटांडा में सेक्टर व बूथ कमेटियों का गठन किया गया।




बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सागर एडवोकेट ने 'मिशन 2027' के तहत बसपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से कमर कसने का आहवान किया। सेक्टर और बूथ स्तर की कमेटियों का गठन किया गया। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और बूथ जिताओ, सरकार बनाओष का नारा दिया गया। प्रदीप सागर ने कहा कि 129 पूरनपुर विधानसभा में 422 बूथों पर पार्टी की मजबूत पकड़ बन चुकी है। उन्होंने दावा किया कि 2027 में 129 विधानसभा का विधायक बहुजन समाज पार्टी का ही बनेगा। सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उन्होंने जिम्मेदारी से अपने-अपने बूथ को जिताने का आग्रह किया। बैठक के बाद सभी कार्यकर्ताओं में जोश की लहर दिखी। बूथ कमेटी गठन से जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बसपा का फोकस बूथ मैनेजमेंट पर है।

# चोरों के हौसले बुलंद

■ टेंट की दुकान में की सेंधमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**औरछी।** आसफपुर रोड पर स्थित एक टेंट की दुकान को चोरों ने बीती रात निशाना बनाते हुए पीछे की दीवार काटकर हजारों रुपये का सामान से हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत थाने में दी है।

शनिवार को विनोद कुमार पुत्र भूरे सिंह ने थाना फैजगंज बेहटा में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी टेंट की दुकान औरछी आसफपुर रोड स्थित आरसी फूड एंड कोल्ड स्टोर के सामने है। शुक्रवार की रात चोर दुकान के पीछे से नकव लगाकर अंदर घुस गए और बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। चोरों ने दुकान से 25 सिल्वर के बड़े भगोने मय ढक्कन, 25 सिल्पवर की परात, 100 कुर्सियां, 12 हॉट बर्तन, 12 गैस चूल्हे, 20 स्टील की बाल्टियां, व लोहे के तारों के बंडल, 30 स्टील डोंगा और व लाइट का अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। घटना के बाद इलाके में दहशत और व्यापारियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरियों पर फैजगंज बेहटा थाना पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है।




**प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि चोरी हुई है, तहरीर प्राप्त हो गई है। टैट की दुकान के आस-पास ट्रैक्टर-ट्रॉली के निशान दिखे हैं जिससे प्रतीत होता है, कि चोर सामान को ट्रैक्टर में लादकर ले गए।**

# आंगनबाड़ी केंद्रों में भी हो ग्रीष्मकालीन अवकाश: राजेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की मासिक बैठक का आयोजन मालवीय आवास गृह बदायूं पर किया गया। बैठक में भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने का आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने खुलकर विरोध किया। मंडल अध्यक्ष मोर श्री गुप्ता ने कहा कि इस समय गर्मी लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक तापमान चल रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों को लू लगने, अथवा दस्त होने की संभावना अधिक रहती है।

जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय की भांति आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होना चाहिए। क्योंकि प्रदेश के अन्य जनपद जैसे - लखनऊ, ललितपुर, मैनपुरी, सीतापुर आदि में ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित हो चुका है। जनपद बदायूं में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं। म्याऊं परियोजना की सहायिका पुष्पा देवी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सहसवान एवं आसफपुर परियोजना की कार्यकत्रियों ने प्रोत्साहन राशि की समस्या को उठाया। इस मौके पर एक ज्ञापन ए डी एम प्रशासन श्री अरुण कुमार के लिए प्रेषित किया गया। जिसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश, तथा जिला स्तर पर डी पी ओ एवं समस्त सी डी पी ओ के साथ बैठक का पत्र जारी किये जाने की मांग की गई। इस मौके पर कुमकुम जौहरी, उर्मिला कश्यप, निशा सक्सेना, विमला कश्यप, नीलम कुमारी चौहान, श्यामा देवी, उषा, सरला देवी, पूजा पुंडीर, प्रवेश कुमारी चौहान, खजाना देवी, सिकंदरी बेगम, रानू सिंह, शीला देवी, चांदवी, माया देवी, पुष्पा देवी, रामदेवी, सुमन लता, निशा कुमारी, पूनम शर्मा, रेखा देवी, आशावती, ममता, मुन्नी देवी आदि लोगों ने विचार व्यक्त किए।




**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No./Lot No. | AUCTIONWVM/ |
| Description of work | Installation and Operation of Water Vending Machine (WVM's) at Various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 13.05.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 30.05.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction Close Date/Time | 30.05.2026 at 11:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित है:-

Cluster wise details of WVM

| S. No. | Cluster ID | Lot Number/Close Date & Time | Stations | Platform 1 | Platform 2 & 3 | Platform 4 & 5 | Platform 6 & 7 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | - | MSS-LKO-ON-WVM-168-26-1, Date: 30.05.2026 / 11:30:00 | ON | 3 | 2 | | | 5 |
| | | | TOTAL | | | | | 5 |
| 2 | E | MSS-LKO-RBL-WVM-167-26-2, Date: 30.05.2026 / 11:40:00 | RBL | 2 | 2 | - | | 4 |
| | | | BBK | 3 | 3 | 3 | | 9 |
| | | | TOTAL | | | | | 13 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1749/2026


# नो व्हीकल डे पर पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील और योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में बरेली प्रशासन द्वारा शनिवार और सोमवार को नो व्हीकल डे घोषित किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को डीएम अविनाश सिंह अपने आवास से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पहुंचे।

डीएम ने इस पहल के माध्यम से ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को कम करने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। डीएम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे देशहित में इस अभियान का सहयोग करें और कम से कम निजी वाहनों का प्रयोग करें। साथ ही सप्ताह में दो दिन, सोमवार और शनिवार को वाहन मुक्त दिवस के रूप में मनाते हुए निजी एवं सरकारी वाहनों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पैदल चलना और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि इससे स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। प्रशासन की



# विद्युत उपकेंद्र पर तालाबंदी

## अघोषित कटौती के विरोध में नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों और युवाओं ने सरकड़ा चकरा. जमल स्थित विद्युत उपकेंद्र पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपकेंद्र पर तालाबंदी कर दी और जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई।



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रधान विनीत कुमार ने कहा कि पिछले कई दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण किसानों को सिंचाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उनका आरोप था कि शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं और फोन तक रिसीव नहीं कर रहे।

ग्रामीणों ने पहले उपकेंद्र पर धरना देकर अधिकारियों से वार्ता की, लेकिन कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर गुस्साए युवाओं ने उपकेंद्र के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शन के चलते कुछ देर तक क्षेत्र में हलचल का माहौल बना रहा।

बाद में अधिशासी अभियंता द्वारा जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

प्रदर्शन में शोभित कुमार, शुभम कुमार, राजा कुमार, पीयूष कुमार, नितिन अंग्रेज समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिशा इन्स्टीट्यूशन्स में कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन मेनेजमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने के उददेश्य से शुक्रवार को एक भव्य कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य (फार्मेसी) डा. विमल कुमार भारती, डा. दुष्यन्त जैन, विभागाध्यक्ष ब्रजनेश सिसौदिया, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हैड डा. समीर अहमद, जितेन्द्र सिंह एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों में इस कैंपस ड्राइव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

# संयम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: डा. दिव्यांशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 को लेकर अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए मौहल्ला चौहानान निवासी एवं करियरविल आईएएस के डायरेक्टर एकेडमिक्स डा. दिव्यांशु वार्ष्णेय ने कहा कि परीक्षा के अंतिम समय में घबराहट नहीं, बल्कि शांत मन, संतुलित तैयारी और आत्मविश्वास ही सफलता दिलाता है।



उन्होंने कहा कि अब नए विषयों को पढ़ने से बचना चाहिए और केवल उन्हीं नोट्स व तथ्यों का पुनरावलोकन करना चाहिए, जिन्हें पहले से तैयार किया गया है। अंतिम समय में नई सामग्री देखने से मानसिक दबाव बढ़ता है और आत्मविश्वास कमजोर होता है। डा. वार्ष्णेय ने अभ्यर्थियों को पर्याप्त नींद लेने, समय पर भोजन करने तथा परीक्षा से एक दिन पहले मानसिक शांति बनाए रखने की सलाह दी। उनका कहना है कि स्वस्थ शरीर और शांत मन ही परीक्षा कक्ष में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा हॉल में प्रश्नपत्र देखकर घबराना नहीं चाहिए। पहले उन प्रश्नों को हल करें जिन पर अच्छी पकड़ हो तथा कठिन प्रश्नों पर अधिक समय व्यर्थ न करें। निगेटिव मार्किंग को ध्यान में रखते हुए सोच-समझकर उत्तर देना चाहिए। डा. वार्ष्णेय ने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने, प्रवेश पत्र, पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखने के लिए भी कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और तथाकथित पेपर प्रेडिक्शन से दूर रहने की अपील की।

करियरविल आईएएस के संस्थापक राकेश यादव तथा पवन कुमार ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक

## मंडी विभाग व पीएम आवास योजना ( शहरी ) की रैंकिंग 'सी' आने पर डीएम नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट में स्टाफ समीक्षा बैठक एवं कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



डीएम जसजीत कौर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पुराने एवं विवादित प्रकरणों में विशेष रुचि लेकर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अनावश्यक रूप से लंबित मामलों को कम करने के लिए नियमित सुनवाई एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एवं तहसील स्तरीय अधिकारी अपने न्यायालयों में लंबित वादों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि 05 एवं 03 वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए।

उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं और कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें तथा प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों एवं प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर करना सुरक्षित करें।

वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान मंडी विभाग व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की रैंकिंग 'सी' श्रेणी में आने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग सुधारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति लगातार खराब है और जिनकी रैंकिंग 'डी' श्रेणी में है, उनके विरुद्ध रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों की सहायता से जनपद के बड़े बकायादारों की सूची तैयार करते हुए वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित ऑडिट प्रकरणों, विभागीय कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को मानक के अनुसार तत्परता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की आरसी लंबित हैं, विभागीय अधिकारी जिला मुख्यालय स्थित राजस्व संग्रह विभाग से अपने देयकों का मिलान कर वसूली कार्य में अपना सहयोग दें।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी वसूली लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टाइम लाइन के साथ कार्य योजना बनाएं, ताकि उसके आधार पर उनके विभाग की प्रगति की समीक्षा की जा सके। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# जनगणना कार्य का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

## कार्य की प्रगति का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जनगणना-2027 अभियान के अंतर्गत जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी जे.पी. यादव एवं तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने ग्राम साहनपुर नवादा और पृथ्वीपुर बनवारी पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी ने जनगणना से जुड़े अभिलेखों और प्रपत्रों की जांच की तथा कार्य की गुणवत्ता और प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सही और सटीक जानकारी दर्ज होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने भी जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की आधारशिला होते हैं, इसलिए इसमें शत-प्रतिशत शुद्धता बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान जनगणना सुप. रवाइजर आशीष त्यागी तथा प्रगणक श्रुति, सूर्यकांत और गीत कपूर मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उनसे जनगणना कार्य की प्रगति और आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय स्तर पर चल रहे कार्यों को संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि जनगणना अभियान का कार्य तय समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

## पानी की आपूर्ति भी प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहल्ला मकबरा में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण स्थानीय निवासियों ने सड़क पर जाम लगा दिया। विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोगों ने जल्द बिजली बहाल करने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मकबरा में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली कटौती के कारण घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान, स्थानीय निवासी मुजीब अहमद और वार्ड सभासद इंदु देवी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दो दिनों से बिजली न होने के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जाम की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के लाइनमैन मौके पर पहुंचे। लाइनमैन दिलशाद ने प्रदर्शनकारियों को जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद विद्युत विभाग ने बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है।

हालांकि, क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर लोगों में असंतोष बना हुआ है।

# आसपा की सत्ता परिवर्तन यात्रा चार जून से : मौहम्मद ताहिर



## कार्यकर्ताओं से तैयारी में जुटने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उत्तर प्रदेश में चार जून से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में सत्ता परिवर्तन यात्रा आगामी चार जून से प्रारंभ होगी।

यह जानकारी पार्टी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने पार्टी हाई कमान के हवाले से देते हुए बताया कि सत्ता परिवर्तन यात्रा का निर्णय मेरठ में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक में शीर्ष नेतृत्व द्वारा यात्रा को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला बिजनौर की टीम को भी पूरी तैयारी रखने हेतु कहा गया है कि सभी साथी तैयार रहे, क्योंकि सत्ता परिवर्तन यात्रा का प्रथम चरण जिला बिजनौर से चार जून को शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरुआत ऐतिहासिक रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने पार्टी मुखिया सांसद एड. चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष और उनकी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए कमर कस लेनी है। साथ ही आगामी चार जून से प्रारम्भ होने वाली सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुट जाने की भी पार्टी कार्यकर्ताओं और हर आमजन से अपील की है।

# बिजली की समस्याओं के समाधान की मांग

**बिजनौर।** पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के साथ विद्युत उपकेंद्र उलेढ़ा से जुड़े ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से मिल कर विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि विगत दिनों आये तूफान से विद्युत पोल एवं लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। 15 दिन बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई, जिससे किसानों के सामने फसलों की सिंचाई की समस्या खड़ी हो गई है। साथ ही किसानों ने यह भी मांग की किसानों को आठ घंटे विद्युत आपूर्ति को कुछ दिनों के लिए 24 घंटे की जाए, जिससे फसलों की सिंचाई की पूर्ति हो सके। ग्राम फतेहपुर कला, चक फतेहपुर कलां, चक फतेहपुर, कुतुबपुर गढ़ी, सैदाबाद, मानिकपुरी, मुकरपुर गुर्जर के किसान रवि देशवाल, अभिषेक राठी, कामेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह, विनित चौधरी, शक्ति सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# कृष्णा कॉलेज में विदाई समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज में आज गृह विज्ञान विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ महाविद्यालय के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. दीपशिखा अग्रवाल व डॉ. ज्योत्सना सिंह उपस्थित रहीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में



## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

बीएससी होम साइंस की छात्राओं ने अपना डांस प्रस्तुत किया तथा एमएससी होम साइंस फाइनल ईयर तथा बीएससी होम साइंस फाइनल ईयर की छात्राओं ने रैम्प वॉक प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में छात्राओं ने मनमोहक नृत्य किया। मिस फेयरवेल प्रतियोगिता में बीएससी होम साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा इरफा, एमएससी होम साइंस फूड एण्ड न्यूट्रीशियन में द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाति विजयी रहीं व बीएससी होम साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा काकुल मिस फेशर बनीं। मिस पर्सनेलिटी प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्राशुन चौधरी व एमएससी होम साइंस फूड एण्ड न्यूट्रीशियन द्वितीय वर्ष की छात्रा उपासना विजयी रहीं। कार्यक्रम के अन्तर्गत टाइटल गेम व चिट गेम भी खिलाये गये।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा व अन्य प्रवक्ताओं ज्योति चौहान, प्रीति चौहान, साइमा खानम तथा मुक्ता चौधरी का विशेष योगदान रहा।

सभी सम्मानित अतिथियों व प्रवक्ताओं ने छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा सुहानी व शेहला ने किया।

## एक नजर

### शाहिद सिद्दीकी के भाई का इंतकाल

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के मौहल्ला पठानपुरा निकट जामा मस्जिद निवासी बड़े भाई मोईनुद्दीन उर्फ बन्नू का निधन हो गया। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। मोईनुद्दीन एक मिलनसार व एक नेक इंसान थे। व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, नवाब नजीबुद्दौला शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा सहित काफी संख्या में व्यापारियों ने शोक जताया।

### पेयजल शिविर का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद की ओर से स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर जायरीनों व यात्रियों के लिए ठंडे पानी के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सांसद चंद्रशेखर आजाद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पिछले कई वर्षों से पालिका के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से जोगीपुरा दरगाह पर सालाना मजलिजों में शामिल होने के लिए ट्रेनों से रेलवे स्टेशन पर आने वाले जायरीनों के लिए ठंडे पानी का यह शिविर लगाया जा रहा है।

### प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के कार्यों का निरीक्षण



**बिजनौर।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले के पांच तहसील एवं 18 नगर निकाय में प्रारंभ की गई। जिला प्रभारी जेपी यादव द्वारा विभिन्न चार्ज में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। सही तरीके से नंबरिंग करने और डाटा कलेक्शन के समय किन बिंदुओं पर सावधानी रखना है। उससे संबंधित निर्देश दिए गए। इसी प्रकार विभिन्न चार्ज में चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्हें महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

### राहगीरों को शरबत पिलाया



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह के निर्देशन में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। स्कूल के गेट पर स्टॉल लगाकर आते-जाते राहगीरों, रिक्शा चालकों, व्यापारियों व मजदूरों को ठंडा शरबत पिलाया। शरबत पिलाने वालों में प्रधानाचार्य अजय कुमार उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर, अबुल कलाम, सत्येंद्र कुमार, मंतोष कुमार, कुशलपाल सिंह, रोहिताश सिंह, गजेय सिंह, बालेश कुमार, कृष कुमार, मुनीद अहमद, विकास कुमार, याकूब, वीरेश कुमार आदि शामिल रहे।

### 'रसेल वाइपर' सांप घर में घुसने से हड़कंप

**नहटौर।** जरीफपुर चतर ग्राम में एक घर में विषैला 'रसेल वाइपर' सांप घुसने से हड़कंप मच गया। परिवार ने तुरंत सर्प मित्र बी. भास्कर को इसकी सूचना दी। बी. भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया। पहचान करने पर पता चला कि यह 'रसेल वाइपर' प्रजाति का सांप था, जो अत्यधिक विषैला और खतरनाक होता है। रेस्क्यू के बाद बी. भास्कर ने ग्रामीणों को सांपों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सांप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें मारना नहीं चाहिए। बी. भास्कर ने लोगों से आग्रह किया कि सांप के काटने की स्थिति में तंत्र-मंत्र के चक्कर में न पड़कर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में उचित चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। रेस्क्यू किए गए सांप को टीम ने सुरक्षित रूप से जंगल में एक उपयुक्त स्थान पर छोड़ दिया।



### भाजपा मंडल की बैठक



**नहटौर।** भाजपा मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ब्लॉक परिसर में संपन्न हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नवनियुक्त मंडल प्रभारी एवं जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि कपिल ने इसका संचालन किया। मंडल प्रभारी देशबंधु चौहान का बैठक की शुरुआत में स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। देशबंधु चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके तहत 24 मई (आज) सभी शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। साथ ही 31 मई को बूथ स्तर पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें वैभव गोयल, देश. बंधु चौहान, उर्मिला पाल, अनूप अग्रवाल, अर्पित गुप्ता, कपिल शर्मा, सुधा देवी, आकाश, समीर कुमार त्यागी, संगम त्यागी, हेमंत सिंह, प्रशांत वर्मा, मंजीत सिंह, कुलवीर चौधरी, गजेंद्र शर्मा, प्रदीप त्यागी, अमित सूद, विनीत गोयल, अनमोल त्यागी, सुभाष शर्मा, अनुपाल सिंह, रामगोपाल सैनी, नरेंद्र चैनपुर और अंजी त्यागी जैसे प्रमुख सदस्य शामिल थे।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गरजी सपा

## बेरोजगारी, पेपर लीक और महंगाई पर सपा का हल्लाबोल, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, विपक्ष के जनप्रतिनिधियों का अपमान और किसानों की समस्याओं को लेकर सपा ने जोरदार आवाज उठायी। सपाईयों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें सरकार पर युवाओं, किसानों और आम जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

शुक्रवार को लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली व तथा कांठ विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, जिससे युवा वर्ग परेशान है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से मेहनती छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक मामलों पर सख्त अंकुश लगाया जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में समय पर इलाज न मिलने और किसानों को फसलों का उचित मूल्य न मिलने का मुद्दा



भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में अधिकारियों द्वारा आम लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, जिस पर रोक लगनी चाहिए। पूर्व मंत्री एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवा रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। महंगाई, भ्रष्टाचार और जनता के साथ हो रहे अन्याय से गरीब, मजदूर, व्यापारी और समाज का हर वर्ग परेशान है, लेकिन सरकार समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है। कहा कि सपा हमेशा किसानों, मजदूरों, नौजवानों, व्यापारियों और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाती रही है और आगे भी सड़क से सदन तक जनता के हक और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। इस दौरान नौगांवा विधायक समरपाल सिंह, जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, चंद्रपाल सैनी, राशिद अली, सुमित गुर्जर, जितेंद्र यादव, महमूद अली, मुख्तार नकवी, आलेमीन सैफी, अतीक अहमद, सर्वेश सैनी, भूपेन्द्र चौधरी , विजयपाल सैनी, जितांबर यादव, कैसर परवेज, बबलू गुर्जर, वसीम मलिक, नूरसबा, गोलू त्यागी, जोगेंद्र राणा, चंद्रपाल कसाना, जाकिर सैफी, अरविंद कसाना, फारूक प्रधान, अकील प्रधान , बाबर चौधरी, नदीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# चार दिन बाद नहर से मिला सैफ का शव

## बेटे का शव देखते ही बिलख पड़ा परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया युवक आखिरकार जिंदगी की जंग हार गया। रामगंगा पोषक नहर में डूबे मोहम्मद सैफ का शव चार दिन बाद बरामद होने से परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे का शव देखते ही मां-बाप बदहवास हो गए, जबकि गांव में मातम पसर गया। स्थानीय गोताखोरों ने नहर में लगाए गए जाल की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी मसलूम खां का बेटा मोहम्मद सैफ बीती बुधवार सुबह अपने दोस्तों के साथ शिकरिया पुल के नीचे बह रही रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह गहराई में चला गया और पानी के तेज बहाव में बह गया था। सैफ को डूबता देख उसके साथ मौजूद दोस्तों में चीख-पुकार मच गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा था। युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था। टीम ने दो दिन तक पुल से कई किलोमीटर दूर तक नहर में सर्च

**■ जाल में फंसा मिला शव,**
**■ दोस्तों के साथ नहाते समय डूब गया था**

ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद स्थानीय गोताखोर लगातार युवक की तलाश में जुटे हुए थे। शनिवार को नहर में लगाए गए जाल में युवक का शव फंसा मिला। शव मिलने की खबर से परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। चार दिन तक बेटे के जिंदा मिलने की आस लगाए बैठे परिजनों की उम्मीद शव मिलने के बाद टूट गई। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी युवक की मौत के बाद शोक का माहौल बना हुआ है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने शव मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# साली संग रील बनाना जीजा को पड़ा भारी

## पुलिस ने पकड़कर हवालात में डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोशल मीडिया पर मशहूर होने का भूत आजकल लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। लेकिन कभी-कभी यह शौक सलाखों के पीछे भी पहुंचा देता है। ऐसा ही एक मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सामने आया है। नोएडा में रहने वाले युवक की साली की लगन थी कार्यक्रम चल रहा था। जहाँ साली के साथ वीडियो बनाना इस जीजा को महंगा पड़ गया। जीजा अपनी साली के साथ मिलकर लगातार सोशल मीडिया के लिए वीडियो बना रहा था। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि वीडियो की सामग्री मर्यादा के बाहर थी। जिसका विरोध करने पर घर में कलह शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोतवाली तक जा पहुंचा गया। जैसे ही जीजा कोतवाली पहुंचा वहां दोनों पक्षों के बीच हाई-वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। परिजनों ने पुलिस थाने में ही जमकर हंगामा किया। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने जीजा को हिरासत में ले लिया साथ ही उसके सादू को भी पकड़ लिया और उसे हवालात की हवा खिला दी। पुलिस फिलहाल मामले की गंभीरता से जाँच में जुटी है।

# उमंग डेयरीज में शार्ट सर्किट से चिलिंग कंटेनर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग पर स्थित उमंग डेयरीज में शार्ट शर्किट होने से आग लग गयी। घटना

**■ शार्ट सर्किट से हुई घटना, लाखों की क्षति**

से करीब बीस लाख रूपये की क्षति हुयी है। कम्पनी कर्मचारियों ने अपने अग्निशमन यंत्रो और अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

शनिवार की सुबह उमंग डेयरीज परिसर में स्थित टेरिस्टल फूड्स प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्लांट में रखे फिक्स चीलिंग कंटेनर में शनिवार की सुबह करीब दस बजकर बीस मिनट पर शॉर्ट शर्किट से आग लग गयी। आग अंदर अदंर ही फैलती रही। कंटेनर में पनीर के टिन पैक रखे थे। आग कंटेनर से बाहर निकलकर पास पड़े थर्माकोल तक पहुँच गयी, तब जाकर आग लगने का पता चला। कुछ ही देर में वातावरण में धुएं का गुबार छा गया। कर्मियों ने कम्पनी द्वारा स्थापित अग्निशमन यंत्रो का प्रयोग करके आग पर काबू पाना शुरू किया तो वहीं सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम दो गाड़ियां लेकर पहुँच गयी। काफी देर के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। कम्पनी के एचआर हेड जेवेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना शॉर्ट शर्किट के कारण हुयी है। लगभग बीस लाख का नुकसान है।



# एक नजर

### युवक के खाते से 90 हजार उड़ाये

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के अशरफपुर फैजगंज गांव निवासी एक युवक के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 90 हजार रुपये पार कर दिए। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने बैंक और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।गांव निवासी मुजीब खान पुत्र जाकिर ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट बेचने का काम करते हैं।उन्होंने बताया कि गुरुवार को जब उन्होंने अपना बंद पड़ा मोबाइल फोन चालू किया तो मोबाइल पर खाते से चार बार में कुल 90 हजार रुपये कटने के मैसेज प्राप्त हुए।मैसेज देखकर युवक के होश उड़ गए।शुक्रवार को वह इंडिया बैंक शाखा पहुंचे और शाखा प्रबंधक को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित मुजीब खान देर शाम डिडौली कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल केंद्र में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बकरी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** पूरनपुर रोड स्थित डिडौली प्राथमिक विद्यालय के पास शनिवार को आटा चक्की लगे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बकरी की मौके पर मौत हो गई। हादसे में बकरी चरा रहे मवेशी स्वामी बाल-बाल बच गए।बताया गया कि जसबंत सिंह कश्यप अपनी बकरी चराने जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति और लापरवाही से आ रहे आटा चक्की लगे ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बकरी को रौंद दियाद्य जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।मवेशी स्वामी जसबंत सिंह कश्यप ने बताया कि मृत बकरी गर्भवती थी और उसकी कीमत करीब दस हजार रुपये थी। पीड़ित ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### स्कूल में हुई चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली पुलिस ने जूनियर हाईस्कूल शहबाजपुर में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी किया गया सैमसंग कंपनी का टैबलेट बरामद हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने इस चोरी का सफल खुलासा किया है।पुलिस के अनुसार, यह चोरी 8 मई 2026 को जूनियर हाईस्कूल शहबाजपुर में हुई थी। अज्ञात चोरों ने स्कूल की सरिया तोड़कर अंदर रखे टैबलेट समेत अन्य सामान चुरा लिया था। इस मामले में थाना डिडौली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने नदीम पुत्र मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया। नदीम मोहल्ला खेड़ा, कस्बा जोया का निवासी है। पूछताछ के बाद उसके पास से चोरी का सैमसंग टैबलेट बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है।

### नकदी व जेवर लेकर युवती घर से लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 18 वर्षीय पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। स्वजनों ने घर से नकदी व सोने के जेवर गायब होने की बात भी कही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री शुक्रवार सुबह जोया स्थित एक डिग्री कालेज में प्रैक्टिकल होने की बात कहकर घर से गई थीद्य लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। स्वजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित के अनुसार घर में रखे करीब चार लाख सत्तर हजार रुपये तथा चार तोले सोने के जेवर भी गायब मिले। युवती अपने साथ हाईस्कूल की मार्कशीट व अन्य जरूरी कागजात भी ले गई है। स्वजनों ने बताया कि युवती के पास सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन था, जो अब बंद आ रहा है। पिता ने आशंका जताई है कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं

### शराब के नशे में गाली गलौच का विरोध पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव चचौरा में शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे युवक को टोकना चाचा-भतीजे को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने अपने पिता और भाई के साथ मिलकर दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में तोता गिरी और उसका भतीजा कमल गिरी घायल हो गए। पीड़ित पक्ष के मुताबिक गुरुवार शाम आरोपी घर के सामने सड़क पर खड़े होकर गालियां दे रहा था। मना करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने हमला बोल दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। पीड़ितों का आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो भाईयों पर फावड़े से हमला कर किया लहूलुहान

## खेत को लेकर विवाद, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** खेत पर हुए विवाद के बाद फावड़े से हमला कर चचेरे-तहेरे भाइयों को लहूलुहान कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर कैंच की है। गांव निवासी किसान उदित कुमार द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक शुक्रवार को वह अपने चचेरे भाई कनल के साथ खेत पर काम कर रहे थे। उनका आरोप है कि तभी गांव के रहने वाले सगे भाई सुरेंद्र व ज्ञान सिंह अपने साथ यशवीर व विवेक को लेकर आ गए। चारों बेवजह ही विवाद शुरू कर दिया। गालियां देने लगा, विरोध किया तो आरोपियों ने फावड़े से हमला कर दिया। हमले में उदित व कनक लहूलुहान हो गए। चीखने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को आते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# तीन भाईयों ने युवक को पीटकर किया घायल

## दुकान-मकान की रंजिश में किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** मकान व दुकान को लेकर रंजिश में पड़ोस में रहने वाले तीन भाइयों ने युवक पर सरेबाजार हमला कर दिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। राहगीरों ने बमुश्किल बचाया, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी सलीम अंसारी के मुताबिक मोहल्ले में बाइक शोरूम के पास उनका मकान व दुकान है। जिसे लेकर पड़ोस में रहने वाले सगे भाई साजिद, काइद व शुऐब रंजिश रखते हैं। मारपीट करते हुए तीनों आए दिन धमकाते रहते हैं। घटना बीती 21 मई की सुबह 9:30 बजे की है। सलीम अंसारी अपनी दुकान के पास खड़े हुए थे। आरोप है कि तीनों भाई वहां पहुंचे और उन पर अचानक हमला कर दिया। गालियां देने का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने बमुश्किल बचाया, इस दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# रकम दोगुना करने का लालच देकर ठगे सवा लाख रूपए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फैक्ट्री कर्मचारी के पुत्र को फोन के माध्यम से फोन जीतने और रकम दोगुना करने का लालच देकर तीन दिन के भीतर अलग अलग बार कोड पर पैसे डलवाकर करीब सवा लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नगर में मछली मंडी निवासी गुरविन्द्र सिंह एक फैक्ट्री में ठेकेदार के अंतर्गत कार्य करता है। उसका फोन घर पर रहता है। 18 मई को उसके फोन पर एक कॉल आई, जिसे उसके नाबालिग पुत्र रोहित ने रिसीव किया, उधर से कोई महिला बोली जिसने बताया कि यह नंबर लकी ड्रा में

**■ फैक्ट्री कर्मी के नाबालिग पुत्र को झांसे में लिया**

चुना गया है, और ईनाम में फोन निकला है। मात्र 320 रूपये जमा करके फोन मिल जायेगा। जिस पर रोहित ने उधर से भेजे गए स्कैनर पर पैसे डाल दिए। इसके बाद कई बार रोहित के पास महिला का फोन आया और उसने रकम दोगुना करने का लालच देकर बार कोड पर पैसे डलवा गए। 18 मई से 20 मई के बीच कुल एक लाख 12 हजार 724 रूपये ठग लिए। पुत्र ने जब यह बात पिता गुरविन्द्र सिंह को बताई तो वे स्तब्ध रह गए। इसके बाद थाने पहुँच कर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने जाँच करके अग्रिम कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# प्रवेश कराने पहुंची महिला व बहन से छेड़खानी

## भाभी के भाई के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** झम्मनलाल पीजी कॉलेज में एडमिशन कराने आयी छात्रा व उसकी बहन के साथ बाइक सवार ने छेड़छाड़ कर दी। वारदात को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने मौका मुवायना किया

शनिवार को जनपद हापुड़ के गांव से महिला अपनी बहन का एडमिशन कराने झम्मनलाल पीजी कॉलेज आई थी। महिला का कहना था जब वह बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के साथ अगरौला मार्ग पर जा रही थी। एक बाइक सवार ने उसे रोक लिया तथा उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। कोतवाली पहुंचकर महिला और उसकी बहन ने गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़ित महिला की भाभी का सगा भाई बताया जा रहा है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पारिवारिक विवाद और छेड़छाड़ के इन आरोपों की गहनता से जांच की जा रही हैं। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस महिला व युवती को लेकर मौके पर पहुंची तो छेड़छाड़ वाला स्थान नहीं मिला। पुलिस पूछताछ में महिला व युवती पुलिस को कोई विश्वास जनक जवाब नहीं दे पाये। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला के भाई का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है।

# मनरेगा मजदूरों की केवाईसी करायी जाएं: नीरज

## बीडीओ ने ली सचिवों व कर्मियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि भीषण और लू को देखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था की जाये तथा खराब हैंडपम्पों को तुरन्त ठीक कराया जाये।

शनिवार को ब्लाक कार्यालय में खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार गर्ग की अध्यक्षता में समस्त सचिवों एवं सफाई कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बीडीओ ने मनरेगा के सभी सक्रिय मजदूरों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने, आगामी वर्षा ऋतु में कराए जाने वाले वृक्षारोपण की कार्ययोजना सोमवार तक उपलब्ध कराने तथा पीएम सूर्य घर योजना में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था कराने तथा सभी खराब हैंडपंप शीघ्र ठीक कराने को कहा। इसके साथ ही गौशालाओं में दान के लिए भूसा उपलब्ध कराने की भी समीक्षा की गई। बैठक में नितिन कुमार, राजवीर सिंह, जितेन्द्र कुमार, अमरजीत सिंह, बिजेंद्र त्यागी, आलोक कुमार, सचिन पाल, नेपाल सिंह, मोहित चौधरी, ज्योति, अंजुम सहित समस्त सचिव, स्टाफ एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चाची पर भतीजी से दुष्कर्म कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** युवती ने चाची पर भतीजे को घर बुलाकर दुष्कर्म कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार आरोपी चाची की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाले एक किसान की बेटी का आरोप है कि उसकी चाची ने शुक्रवार को साजिश के तहत अपने सगे भतीजे को घर बुला लिया। इसके बाद चाची ने सहयोग कर भतीजे से देवर की बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म कराया। आरोपी ने किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी लेकिन पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बता दी। इसके बाद पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संभल जिले के निवासी आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया मुख्य आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मुकदमे में आरोपी चाची अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

**■ युवक गिरफ्तार, चाची की तलाश में जुटी पुलिस**

# बीमा कम्पनी को छह लाख का क्लेम देने का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीमा धारक की मौत के बाद क्लेम खारिज करना बीमा कंपनी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमित राशि का भुगतान करने के आदेश दिए हैं।

गजरौला क्षेत्र निवासी किसान राजपाल सिंह ने साल 2015 में 28 हजार 318 रुपये का प्रीमियम जमा कर एक बीमा पॉलिसी ली थी जो 28 अक्तूबर 2035 तक मान्य थी। पॉलिसी में उन्होंने बेटे विजेंद्र को नॉमिनी बनाया था। एजेंट ने बताया था कि पॉलिसी अवधि पूरी होने पर तीन लाख रुपये और बीमा धारक की मृत्यु होने पर नॉमिनी को छह लाख रुपये मिलेंगे। परिवार के अनुसार 28 अगस्त 2016 को तबियत बिगड़ने के बाद अचानक राजपाल सिंह की मृत्यु हो गई। इसके बाद उनके बेटे विजेंद्र ने बीमा कंपनी में क्लेम के लिए आवेदन किया, लेकिन कंपनी ने दावा खारिज कर दिया। परेशान होकर विजेंद्र ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली थी। वाद की सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि राजपाल सिंह शारीरिक रूप से विकलांग थे और उन्होंने पॉलिसी लेते समय अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी छिपाई थी। कंपनी ने बताया कि इसी आधार पर एक मार्च 2017 को पॉलिसी निरस्त कर प्रीमियम राशि वापस कर दी गई थी। दोनों तरफ की दलीलें सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी माना तथा अपना फैसला सुनाया।

# लखनऊ ने पंजाब को 197 रन का टारगेट दिया

## एलएसजी के धाकड़ बल्लोबज जोश इंग्लिश ने बनाए आकर्षक 72 बड़ोनी की भी 43 रन की तेज पारी

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 197 रन का टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए।

लखनऊ के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली, जबकि आयुष बडोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए। आखिर में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट किए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई और शशांक सिंह को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ सुपर जायंट्सरू जोश इंग्लिस, अर्शिन कुलकर्णी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत द्धकप्तान और विकेटकीपरऋ, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव। यानसन ने एक और विकेट हासिल करते हुए मुकुल चौधरी को 1 रन पर पवेलियन भेज दिया। मुकुल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग-ऑन पर सब्स्टीट्यूट फील्डर प्रवीण दुबे ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। शशांक सिंह ने इंग्लिस को आउट कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। इंग्लिस ने बड़ा शाट खेलने की को. शिश की, लेकिन लान्ग-आन पर खड़े कप्तान अय्यर ने आसान कैच लपक लिया।



इंग्लिस 44 गेंदों में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 4 विकेट पर 157 रन हो गया है। इंग्लिस 71 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि अब्दुल समद ने यानसन के ओवर में एक शानदार छक्का जड़ा। इस ओवर से कुल 10 रन आए। चहल ने पंत को आउट कर पंजाब को एक और बड़ी सफलता दिलाई। पंत ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरह नहीं आई और डीप में खड़े यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। पंत 22 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

पंत और इंग्लिस के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। इंग्लिस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद को डीप पाइंट की ओर खेलकर दो रन लिए। 10 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 3 विकेट पर 100 रन हो गया है। इंग्लिस और पंत ने पारी को संभालते हुए क्रीज पर हैं। युजवेंद्र चहल ने आयुष बडोनी को स्टंपिंग कराकर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। आफ स्टंप के बाहर तेज गेंद पर बडोनी कट शाट खेलने से चूक गए और उनका पैर हवा में उठ गया। विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। बडोनी 18 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। पावरप्ले में लखनऊ ने 2 विकेट खोकर 66 रन बनाए।

# आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर चर्चा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है।

खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी। हालांकि, यह स्पट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं। एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिग में दो ड्रिक्स ब्रेक की इजाजत है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है। इसके अलावा आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पारी ब्रेक का समय घटाकर 15 मिनट करने की भी योजना बना रहा है। मौजूदा प्लेइंग कंडीशन में कहा गया है: इनिंग्स के बीच 20 मिनट का गैप होगा।

### खेल विशेष

## विक्टोरिया म्बोको स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रासबर्ग में रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को हराकर इंटरनेशनॉक्स डे स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल में कनाडा की म्बाको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की खिलाड़ी क्रिस्टियन को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 7-6, 3-6, 6-2 से हराया। म्बोको 2026 का अपना तीसरा सेमीफाइनल खेल रही थी।19 साल की म्बोको ने क्रिस्टियन के कई सेट पॉइंट बचाने के बाद टाईब्रेक में एक रोमांचक शुरुआती सेट जीता।

## आईपीएल स्टार माधव तिवारी होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

**उज्जैन (मध्य प्रदेश), वार्ता।** इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोाणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आर्काण के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

## युकी भांबरी फ्रेंच ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**पेरिस, वार्ता।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी, फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुा युगल मेन ड्रॉ का हिस्सा होंगे और उनके हमवतन एन-श्रीराम बालाजी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि, ए दोनों भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग पार्टनर के साथ जोड़ी बनाएंगे। फ्रेंच ओपन में भांबरी, न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ खेलेंगे, जबकि श्रीराम बालाजी, ब्राजील के मार्सेलो डेमोलाइनर के साथ टीम बनाएंगे। सिगल्स मेन ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं होगा, क्योंकि करमन कौर थांडी क्वालीफायर राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई। जूनियर कैटेगरी में, माया राज. श्वरन रेवती और अर्णव पाप. रकर क्रमशः गर्ल्स और बॉयज सिगल्स इवेंट्स में खेलते हुए नजर आएंगे।

# MI के खिलाफ मैच में सूर्यवंशी पर टिकी हैं RR की उम्मीदें

**लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए**

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी-जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूर्नामेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है।



सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबि. लियत भी दिखाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित हैद्ध यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है। जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संघर्ा कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है,

सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस एक निराशाजनक अभियान के बाद इस मैच में दबाव में उतर रही है। 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जबकि उनकी टीम में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। कभी-कभार किसी खिलाड़ी के अकेले दम पर किए गए अच्छे प्रदर्शन टीम की सामूहिक सफलता में तब्दील नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से एमआई पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की अगुवाई वाली बॉलिग यूनिट पर आरआर के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बड़े दबाव वाले मैचों में बुमराह का अनुभव बहुत अहम होगा, क्योंकि एमआई एक ऐसी बैटिंग लाइनअप को रो. कने की कोशिश करेगी जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों के हमलों को बार-बार करारा जवाब दिया है। दोनों टीमों के बीच के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी इस मुक. ाबले को और दिलचस्प बनाते हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने पिछले पांच मुकाबलों में से तीन जीते हैं। यह थोड़ा सा मनोवैज्ञानिक फायदा, मौजूदा फॉर्म के साथ मिलकर, मैच से पहले के आकलन में आरआर को थोड़ा आगे रखता है। फिर भी, मुंबई इंडियंस घरेलू परिस्थितियों की अपनी जानकारी का फायदा उठाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश करेगी। वानखेड़े के दर्शक, जो अपनी जबरदस्त ऊर्जा और समर्थन के लिए जाने जाते हैं, सीजन के आखिरी दौर में अपनी खोई हुई प्रतिठा वापस पाने की कोशिश कर रही टीम का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जैसे-जैसे आईपीएल 2026 अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, यह मुकाबला महज एक और लीग मैच से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

# ग्रीको रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज फाइनल में

नई दिल्ली, वार्ता। वियतनाम के दा नांग में आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से की। प्रतियोगिता के पहले ही दिन, टिएन सोन स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रीक. ो-रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज अपने-अपने भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबलों में पहुंच गए। भारत की ओर से 67किग्रा और 60किग्रा ग्रीको-रोमन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

इन दोनों श्रेणियों में पहलवानों ने आक्रामक तेवर दिखाए और दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए शाम को होने वाले फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। सागर सिंह ने 67किग्रा श्रेणी में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरुआती दौर के सभी मुकाबलों में रणनीतिक अनुशासन और निरंतरता के साथ कुश्ती लड़ी और स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया। 60किग्रा श्रेणी में सूरज भी फाइनल में उनके साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई और भारत के लिए कम से कम एक रजत पदक पक्का कर दिया है। 77किग्रा श्रेणी में, कुमार सचिन ने कड़ा संघर्ा किया, लेकिन सेमीफाइनल के एक बेहद करीबी मुकाबले में अलीखान दुरसोनोव से हार गए।

# दिल्ली व केकेआर के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता की उमस भरी शाम में, ईडन गार्डन्स की रोश. नियों के बीच, आईपीएल 2026 का 70वां मैच एक ऐसे ट्विस्ट के साथ आया है, जिसकी चर्चा क्रिकेट जगत में हर जगह हो रही है: दिल्ली कैपिटल्स मैच जीत भी सकती है, और फिर भी टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। इस एक बात ने एक आम से लीग मैच को, दबाव से भरे प्लेऑफ के मुकाबले में बदल दिया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण सीधा लेकिन सख्त है-जीतो, या घर जाओ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह ज्यादा पेचीदा है: बड़ी जीत हासिल करो, फिर इंतजार करो, हिंसाब लगाओ, और उम्मीद करो कि दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में जाएं। हो सकता है कि सिर्फ जीत भी काफी न हो। जैसे-जैसे दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं, माहौल किसी लीग मैच जैसा कम, और किसी 'नॉकआउट फाइनल' जैसा ज्यादा लग रहा है। केकेआर टीम, सीजन के बीच में मिली नई जान के बाद, नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है, इसी नई जान की बदौलत वे पॉइंट्स टेबल



के निचले हिस्से से ऊपर उठ पाए हैं। उनका ज्यादातर आत्मविश्वास उनकी 'स्पिन जोड़ी'-सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती-पर टिका है, जिन्होंने ईडन गार्डन्स को मेहमान बल्लेबाजों के लिए एक धीमा और दम घोंटने वाला जाल बना दिया है। यहां फेंकी गई हर 'डॉट बॉल' द्धबिना रन वाली गेंद तालियों की गड़गड़ाहट से भी ज्यादा जोरदार लगती है, और हर विकेट ऐसा लगता है, जैसे किसी के गले में फंदा कस रहा हो। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी एक जुआ जैसी है, जो पूरी तरह से विस्फोटक बल्लेबाजों की मारक क्षमता पर टिकी है। जब फिन एलन या अंगकृ रघुवंशी का बल्ला चलता है, तो केकेआर को रोकना नामुमकिन सा लगता है। और जब वे नाकाम रहते हैं, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अक्सर सही दिशा खोजने में मुश्किल होती है। इसी तरह की अनियमितता की वजह से प्लेऑफ में पहुं. चने की उनकी उम्मीदें अब भी बहुत पतले धागे पर लटकी हुई हैं। दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में एक अलग ही तरह का तनाव पसरा हुआ है। उनका पूरा अभियान कभी शानदार प्रदर्शन, तो कभी पूरी तरह से बिखर जाने के बीच झूलता रहा है। इस टीम के केंद्र में खड़े हैं केएल राहुल-इस सीजन की 'रन मशीन'-जो इस अफरा-तफरी के माहौल में भी पूरी तरह शांत और संयमित नजर आते हैं। उनके साथ-साथ, डेविड मिलर और आशुतोा शर्मा जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों ने अपनी जबरदस्त हिटिंग क्षमता के दम पर, मैच के आखिरी ओवरों में ही पूरा पासा पलट दिया है। लेकिन इस सीजन की एक अजीब विडंबना ही उनकी पहचान बन गई है: वे एक रात तो बड़े ही शानदार अंदाज में 200 रनों का लक्ष्य भी आसानी से हासिल कर लेते हैं, और अगली ही रात मैच के बीच के ओवरों में पूरी तरह से ढेर हो जाते हैं। इस मुकाबले में जो सबसे बड़ा ट्विस्ट आया है, वह है दिल्ली का 'नेट रन रेट' वाला पेंच।

# एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से हाथ नहीं मिलाया

**आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी**

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में हैदराबाद में हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) मैच के बाद आरसीबी के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एसआरएच के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

मैच के बाद होने वाली पारंपरिक हैंडशेक लाइन में को. हली ने एसआरएच कप्तान पैट कमिस और अभिोक शर्मा से हाथ



मिलाया, लेकिन ट्रैविस हेड को नजरअंदाज कर दिया। हेड ने को. हली से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया था, लेकिन कोहली उन्हें छोड़कर आगे बढ़ गए और लाइन में अगले खिलाड़ी से हाथ मिला लिया। आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि दोनों के बीच यह तनातनी किस वजह से हुई। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255/4 का बड़ा स्कोर बनाया था। इसके जवाब में आरसीबी को लीग चरण में टॉप-2 में जगह पक्की करने के लिए कम से कम 166 रन बनाने थे, जबकि अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंचने के लिए 178 रन चाहिए थे। टीम ने दो अंक हासिल करने से ज्यादा प्राथमिकता इस लक्ष्य को दी और 200/4 तक पहुंच गई। पारी की शुरुआत करने उतरे कोहली ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए, इससे पहले कि पावरप्ले के आखिरी ओवर में साकिब हुसैन ने उन्हें आउट कर दिया। अब आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 में दूसरे स्थान पर रही गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा।

# सूर्या और हार्दिक को फॉर्म में वापसी करने का आखिरी मौका

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उपकप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह आईपीएल कुछ खास नहीं गया है। जहां हार्दिक ने आठ पारियों में सिर्फ 21 की औसत और 136 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं, वहीं 61-50 की खराब औसत और 11-90 की महंगी इकॉनमी से चार विकेट लिए हैं।

इसी तरह सूर्यकुमार ने भी 12 पारियों में सिर्फ 17-50 की औसत से एक अर्धशतक के साथ 210 रन बनाए हैं। मुंबई को रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है और इन दोनों खिलाघ्यिों के पास अपनी फॉर्म में वापसी करने का यह आखिरी मौका होगा। मुंबई की टीम तालि. का में आठ अंकों के साथ नौवें



स्थान पर है और प्लेऑफ की होघ से बाहर हो चुकी है। इस मैच में भी दोनों का संघर्ा जारी रह सकता है। सूर्यकुमार को रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई तीन-तीन जबकि संदीप शर्मा चार बार आउट कर चुके हैं। संदीप और जडेजा के सामने उनका स्ट्राइक रेट भी क्रमशः 97 और 103 का है। हालांकि बिश्नोई के सामने वह 162, जबकि आर्चर के खिलाफ वह 146 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इसी तरह हार्दिक को आरआर के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने चार पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक का स्ट्राइक रेट इस दौरान सिर्फ 107 का है।



कोलकाता। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा करते हुए।

## पाक प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है।

## गाजा में इजरायली बमबारी, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हुई इजरायली बमबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। गाजा के पुलिस महानिदेशालय ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला गाजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित शेख राडवान इलाके के पास एक पुलिस स्टेशन/चौकी को निशाना बनाकर किया गया। इस भीषण हवाई हमले में पांच पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बमबा. री के वक्त पुलिसकर्मी अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे।

# ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ किया परामर्श

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया। अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है।

हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की

■ बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं



योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने 'सरकार की परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेजी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी।

# ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार

## तेहरान की दो टूक, कहाः हमारी मांगें मानने के अलावा यूएस के पास कोई रास्ता नहीं बचा



■ ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा
■ इस बीच, ईरान व अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर बड़ा बयान दिया गया है।

मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिका-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रम्प के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इस्राइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वह पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा। इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है।

शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तेजी से बदल रहे हालात और युद्ध रोकने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। बातचीत में क्षेत्रीय हालात, तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों ने बात की।

## आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साजिश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिजबुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहां अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियां दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियां जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है।

## चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खिनक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुता. बिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बताई गई थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर निक. ालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया।

# ट्रम्प सरकार की अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने ओवल आफिस में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस आफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही। ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को तुलसी गबार्ड को खुफिया विभाग की जिम्मेदारी दी थी। गबार्ड ने अपने 11 साल के वैवाहिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई



■ 18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं, पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे

राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 12वां टेस्ट

## इंजन फेल होने के बाद भी हिंद महासागर में लैंडिंग, पहली बार न्यू जनरेशन स्टारशिप का इस्तेमाल

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट श्स्टारशिपश के नए और बड़े वर्जन (वी-3) का पहला लॉन्च सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित श्स्टारबेसश लान्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण राकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा।

स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था और स्टारशिप का 12वां टेस्ट था। इसे भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था। राकेट का पहला हिस्सा यानी 'सुपर हैवी बूस्टर' अपना 'बूस्ट बैक' बर्न पूरा नहीं कर सका। यह वह प्रक्रिया होती है जिसकी मदद से बूस्टर वापस आकर जमीन पर या समुद्र में एक नियंत्रित लैंडिंग करता है। बर्न पूरा न होने की वजह से यह बूस्टर पूरी तरह नियंत्रित तरीके से पानी में नहीं गिर सका। बूस्टर से अलग होने के बाद जब मुख्य स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट को आगे बढ़ना था, तब उसके छह में से केवल पांच इंजन ही चालू हो पाए। एक इंजन स्टार्ट न होने के कारण यह पूरी तरह से सटीक आर्बिटल पाथ पर नहीं पहुंच पाया। इसके बावजूद इसकी ट्रेजेक्टरी इतनी सुरक्षित सीमा के भीतर थी कि यह एक 'सबआर्बिटल' फ्लाइट को पूरा कर सका। इस तकनीकी खराबी के चलते टीम अंतरिक्ष में दोबारा इंजन स्टार्ट करने का टेस्ट नहीं कर पाई। इस टेस्ट का मुख्य मकसद राकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च करना, उसे ऊपर ले जाना, ऊपर के हिस्से (स्टारशिप) से अलग करना और फिर इंजन को दोबारा चालू करके समुद्र (गल्फ ऑफ अमेरिका) में तय जगह पर सुरक्षित लैंड कराना था।



■ लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा

## महंगाई में तेल के दाम बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार न करे सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों पर दोहरी मार बताते हुए कहा है कि एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की वृद्धि कर जनता लूटा जा रहा है और सरकार परेशान लोगों को राहत देने के बजाय उनका बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस शोद्ध विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव गौड़ा तथा पार्टी नेता डॉली शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच रही है और रुपये की कीमत लगातार घट रही है।



फ्रांस। कान शहर में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म 'द बर्थडे पार्टी' के प्रीमियर पर पहुंचने पर एरियाना ग्रीनब्लास्ट, ईवा लोंगोरिया व ऐश्वर्या राय बच्चन पोज देते हुए।

# बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

## इनमें से एक अंडमान ने सिर्फ 1100km दूर, सीक्रेट जानकारी शेयर करने का भी समझौता

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमे. रिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानक. ारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमे. रिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। दो बंद. रगाहों के इस्तेमाल का करार-अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाह इस्तेमाल करने की इजाजत दी जाएगी। अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य जहाज यहां आ-जा सकेंगे। खुफिया जानकारी साझा करने का करार- दोनों देश सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। समुद्री गतिविधियों और सुरक्षा पर मिलकर निगरानी रखी जाएगी। सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का करार-बंगाल की खाड़ी और मलक्का स्ट्रेट रीजन में अमे. रिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने, समुद्री निगरानी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनी. तिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं। मलक्का स्ट्रेट भारत के लिए भी उतना ही अहम है। देश का करीब 55 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते और सिंगापुर क्षेत्र से होकर गुजरता है।



■ इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है

# परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बेनतीजा

■ समाप्त ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद से बिगड़ा खेल
■ एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी

**न्यूयॉर्क।** परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनाई गई वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी। संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका, लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनी. तिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जताई और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है।

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि महासचिव ने एनपीटी के 11वें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जताई है। एनपीटी एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है।

## आईसीजी ने की कांगो शांति स्थापित करने की अपील

**वाशिंगटन।** ग्रेट लेक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह ने पूर्वी कांगो में जारी लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चिता व्यक्त की और शांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे हालिया राजनयिक प्रयासों का स्वागत किया। समूह ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे संघर्ष का स्थाई राजनीतिक समाद्धान प्राप्त करने के लिए हाल के समझौतों को आगे बढ़ाएं। बेल्जियम, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका से मिलकर बने इस समूह ने कहा कि वह पूर्वी कांगो में जारी हिसा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंतित है।



# पेड्डी दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान

**मुंबई।** अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में राम चरण की स्टारडम उनकी भव्य और बड़े पैमाने की फिल्मों पर टिकी रही है। चिरूथा से लेकर मगधीरा की ऐतिहा. सिक सफलता तक, उन्हें हमेशा ऐसे स्टार के रूप में पेश किया गया जो बड़े कैनवास और ग्रैंड सिनेमा के लिए बने हैं। दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार फिजिकलिटी और जबरदस्त मास अपील उनकी पहचान बन गई। राचा , नायक और एवडू जैसी फिल्मों ने उनकी इसी बड़े-हीरो वाली छवि को और मजबूत किया, जहां स्टाइल, स्वैग और बड़े-से-बड़ा हीरो. इज्म केंद्र में था।यहां तक कि जब राम चरण एक अभिनेता के तौर पर विकसित हुए, तब भी उनकी स्टार इमेज वैसी ही बनी रही।

ध्रुवा में उन्होंने शहरी दर्शकों को आकर्षित किया। ब्रुसली: द फाइटर में भी फोकस पूरी तरह स्टाइलिश हीरोइज्म पर ही रहा और फिर आरआरआर आरआरआर के जिरए उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू के किरदार में वैश्विक पहचान हासिल की। इस फिल्म ने उन्हें भारतीय सिनेमा का अंतर्राष्ट्रीय चेहरा बना दिया और उनकी लोकप्रियता स्थानीय सीमाओं से बहुत आगे निकल गई। शायद यही वजह है कि पेड्डी इतना दिलचस्प बदलाव महसूस होती है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म, आरआरआर के बाद किसी और चमकदार पैन-इंडिया स्पेक्टेकल का रास्ता नहीं चुनती।

इसके बजाय राम चरण एक बिल्कुल अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं - ऐसी दुनिया की ओर जो मिट्टी, पसीने, मेहनत और ग्रामीण पहचान से बनी है। फिल्म के प्रमोशनल मटेरियल में यह बदलाव साफ दिखाई देता है।राम चरण की पिछली फिल्मों वाली संतुलित और सलीकेदार बॉडी लैंग्वेज यहां गायब है। उसकी जगह एक ऐसा आदमी नजर आता है जिसके लंबे बाल हैं, आंखों में थकान है, चेहरे और शरीर पर संघर्ष के निशान हैं, और जिसकी चाल-ढाल में बरसों की मेहनत और दर्द महसूस होता है। यह किरदार किसी मजदूर, पहलवान या गांव के खिलाड़ी जैसा लगता है। सुकुमार की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम चरण के करियर में बड़ा मोड़ साबित हुई थी, क्योंकि उसने स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी को तोड़ दिया था। वहां वह परफेक्ट नहीं थे, बल्कि भावुक, आवेगी और बेहद मानवीय थे। उस प्रदर्शन ने राम चरण के अंदर की वह संवे. दनशीलता दिखाई, जिसे दर्शकों ने पहले पूरी तरह महसूस नहीं किया था। सबसे अहम बात यह थी कि उस फिल्म ने साबित किया कि राम चरण की सबसे ताकतवर स्क्रीन प्रेजेंस तब उभरती है जब उनका किरदार जमीन से जुड़ा होता है, लेकिन रंगस्थलम की रंगीन नॉस्टैल्जिया वाली दुनिया के विपरीत, पेड्डी कहीं ज्यादा कठोर और भारी नजर आती है।

फिल्म की दुनिया स्थानीय खेल संस्कृति, मर्दाना स्वाभिमान, गांव की राजनीति और जीवित रहने की लड़ाई से संचालित होती दिखती है। इसका एक्शन हिसक, कीचड़ से भरा और बेहद रॉ है। यहां तक कि टीजर में दिखाए गए क्रिकेट सीक्वेंस भी राम चरण के अब तक के करियर में देखी गई किसी भी चीज से अलग लगते हैं। तेलुगु सिनेमा में पारंपरिक मेगा हीरो की छवि अक्सर एक दूरी पर टिकी होती है - जहां स्टार आम लोगों से ऊपर, सपनों जैसे और छू पाना मुश्किल लगते हैं। लेकिन लोकनायक अलग तरह से काम करते हैं। वे दर्शकों के अपने लगते हैं। उनकी लोकप्रियता इस बात से आती है कि लोग उनके भीतर अपने संघर्ष, गुस्से और सम्मान को महसूस कर पाते हैं और यही शायद पेड्डी राम चरण के साथ करने की कोशिश कर रही है।सालों तक एक बड़े स्टार की छवि निभाने के बाद, पेड्डी वह फिल्म बन सकती है जो राम चरण को सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऐसा नायक बना दे जो थिएटर की फ्रंट रो में बैठने वाले आम लोगों का अपना लगे।

## फिल्म स्वयंभू में दिखाई देगा विजुअल्स का महा धमाका

**मुंबई।** निखिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म स्वयंभू अपने भव्य विजुअल्स और ऐतिहासिक कहानी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। 750 से अधिक सीजी आर्टिस्ट्स और 2700 से ज्यादा वीएफएक्स शॉट्स के साथ तैयार हो रही यह फिल्म दर्शकों को एक बड़े स्तर का सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। चाहे टीजर हो या पहला ट्रैक रा रा धीवरा, स्वयंभू की हर एक झलक ने दर्शकों के दिलों को छुआ है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित और सेंगोल के इर्द-गिर्द केंद्रित, यह फिल्म भारत की वीरता और गौरव की समृद्ध विरासत को दोबारा जीवंत करती है, और अपनी भव्य रिलीज के लिए लगातार एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। जब से स्वयंभू का टीजर रिलीज हुआ है, यह कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद निखिल सिद्धार्थ की लाइनअप में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। टीजर ने अपने भव्य पैमाने, समृद्ध ऐतिहासिक बैकड्रॉप, शानदार विजुअल्स और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

18 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करके, इसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया और इसके लार्जर-दैन-लाइफ सिनेमैटिक विजन के लिए काफी तारीफें बटोरीं। इस बढ़ते बज को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला सिगल रा रा धीवरा भी एक सेंसेशन बन गया, जिसने यूट्यूब पर 13 मिलियन व्यूज हासिल किए, जिससे प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई। इसी बीच, 'स्वयंभू' के मेकर्स ने अब सोशल मीडिया पर एक एक्साइटिंग बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया है। वीडियो में निखिल सिद्धार्थ के साथ जाने-माने डीओपी सेंथिल कुमार फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम संभाल रहे वीएफएक्स का खुद दौरा करते हुए दिख रहे हैं। आर्टिस्ट्स के साथ बारीकी से बातचीत करते, शॉट्स का रिव्यू करते और क्रिएटिव प्रोसेस को गाइड करते हुए देखा गया।

### एक नजर

#### हूज योर गायनाक के अभिनेता कुणाल ठाकुर ने पुरुषों की मानसिक सेहत पर रखी बात

**मुंबई।** अभिनेता कुणाल ठाकुर इन दिनों हूज योर गायनाक में डा. अर्थ धमेचा के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इसके साथ ही वह पुरुषों की मानसिक सेहत और समाज में पुरुषों को अपनी भावनाएं दबाने की सीख देने वाली सोच पर भी खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। अपने विचारों और बातचीत के जिरए कुणाल पुरुषों को मजबूत दिखने के दिखावे के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकारने और संवेदनशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस विषय पर खुलकर बात करते हुए कुणाल ने कहा, ष्संवे. दनशील होना वास्तव में सबसे बड़ी ताकत है और मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा, क्योंकि मैं एक अभिनेता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि अभिनेता बनने के बाद मैंने समझा कि इंसान एक बेहतर व्यक्ति कैसे बन सकता है। लोगों की भावनाओं से कैसे सीखा जा सकता है, वे जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, कौन-से सबक छोड़कर जाना चाहते हैं या क्या सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

#### बॉबी देओल की बंदर के ट्रेलर ने सिर्फ 48 घंटों में पार किए 10 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉबी देओल की फिल्म बंदर के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 48 घंटों के भीतर एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित इस ट्रेलर ने प्रदर्शन के ऐसे संकेत दिए हैं, जो इस श्रेणी के सामान्य स्तर से लगभग 6 गुना अधिक माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि आमतौर पर इतने बड़े स्तर पर यह रफ्तार समय के साथ धीमी पड़ जाती है। 21 मई को दोपहर 12:36 बजे जारी किए गए इस ट्रेलर ने अब तक दो लाख नौ हजार से अधिक वॉच आवर्स दर्ज किए हैं।

## ऋचा और अली न्यूजीलैंड के पहले फिल्म फेस्टिवल की करेंगे शुरुआत



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही न्यूजीलैंड में बॉलीवुड का रंग बिखेरते नजर आएंगे। दोनों दो जून 2026 को देश के पहले इंडियन फिल्म फेस्टिवल द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड के आधिकारिक लॉन्च में शामिल होंगे। यह अभिनेता-निर्माता जोड़ी इस लॉन्च इवेंट की मुख्य आकर्षण होगी। इस मौके पर उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की खास स्क्रीनिग भी रखी जाएगी। इस फिल्म को दुनियाभर के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स जैसे सनडांस और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स में काफी सराहना मिल चुकी है। अक्टूबर 2026 में शुरू होने जा रहा द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड का पहला समर्पित इंडियन फिल्म फेस्टिवल होगा। इसकी स्थापना पेट्रीना डी' रोजारियो ने की है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच रचनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाना है। इस लॉन्च इवेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ऋचा और अली की मौजूदगी को लेकर है, क्योंकि दोनों अपनी दमदार पहचान और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। मेनस्ट्रीम फिल्मों के साथ-साथ अर्थपूर्ण और स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देने के लिए मशहूर यह जोड़ी, अभिनेता और निर्माता दोनों रूपों में हमेशा नए और वैश्विक कहानियों को आगे बढ़ाती रही है।

## पुलकित सम्राट ने ग्लोरी के सेट से शेयर की वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुल्कित सम्राट ने हाल ही में अपनी हालिया रिलीज सीरीज ग्लोरी के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस को उनके दमदार ट्रेनिंग सीक्वेंस की झलक देखने को मिल रही है। इस रील में पुलि. कत एक इंटेंस ट्रेनिग रूटीन करते नजर आ रहे हैं, जहां वह एक शॉट के लिए भारी टायर्स को बार-बार उठाकर जमीन पर पटकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मजेदार ट्विस्ट जोड़ते हुए अभिनेता ने क्लिप पर लिखा, क्या आप टायर्स के नम्बर्स बता सकते हैं? सिर्फ गलत जवाब। हालांकि पुलकित ने कैप्शन में हेटर्स पर तंज करते हुए भी मजाकिया अंदाज में लिखा, हेटर्स कहेंगे कि ए एआई है। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग ग्लोरी और बीटीएस लिखा है। फिलहाल इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ऐसे में एक तरफ जहां फैंस पुलकित की हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस और उनके फनी कैप्शन पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

## द वायरल फीवर के सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर हासिल किया नंबर 1 स्थान

**मुंबई।** द वायरल फीवर के शो सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर नंबर 1 स्थान हासिल किया है। द वायरल फीवर ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को भारत के सबसे सम्मानित प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में स्थापित किया है। द वायरल फीवर ने सालों से मिडिल क्लास की रोजमर्रा की जिदगी को बेहद प्रामाणिक तरीके से दिखाने में महारत हासिल की है, ऐसे किरदार और पल रचे हैं जिनसे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। हालांकि सपने वर्सेज एवरीवन का दूसरा सीजन अभी हाल ही में प्रीमियर हुआ है, लेकिन दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं और यह अब आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी सीरीज की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गया है। क्रिएटर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए सपने वर्सेज एवरीवन 2 के आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी शोज की लिस्ट में नंबर 1 रैंक हासिल करने की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सपने देखने वालों द्वारा बनाई गई एक कहानी, जिसे हर किसी ने सराहा।

## कांस 2026 सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या

**कांस।** कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अन ऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।

